बुंदेलखंड का लोकप्रिय दैनिक अखबार

# विंध्य-शक्ति

R.N.I. No.- M.P.HIN/2002/06362
Postel Reg. No. M.P./cpu/61/23-25

छतरपुर (म.प्र.)

गुरूवार, 20 मार्च 2025

वर्ष-24 । अंक-50 । मूल्यः 1.50 रुपए

E-mail: vindhyshakti@yahoo.co.in

## जीतू पटवारी ने उमंग सिंघार के संग गाया होली गीत

### पीसीसी चीफ के होली मिलन समारोह में जमकर थिरके मुरैना और केवलारी विधायक

**भोपाल।** रंगपंचमी के मौके पर भोपाल में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के बंगले पर होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस समारोह में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के साथ होली के गीत गाए। पीसीसी चीफ के बंगले पर आयोजित होली मिलन समारोह में डबरा विधायक सुरेश राजे ने फाग गीत सुनाया। वहीं पृथ्वीपुर विधायक नितेन्द्र सिंह राठौर ने होली



गीत गाया। पूर्व विधायक और कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कुणाल चौधरी थिरकते नजर आए। होली मिलन समारोह में अंबाह विधायक देवेन्द्र सखवार, सौंसर विधायक विजय चौरे, जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके, परासिया विधायक सोहन लाल बाल्मीक, चौरई विधायक सुजीत चौधरी, पांढुर्णा विधायक निलेश उईके, खरगापुर विधायक चंदा रानी गौर, वारासिवनी विधायक विक्की पटेल, पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह, विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा, मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर, केवलारी विधायक रजनीश सिंह, भगवानपुरा विधायक केदार डाबर सहित कई विधायक शामिल हुए।

## बुरहानपुर में सोशल मीडिया पर विवादित टिप्पणी से तनाव

### कोतवाली का घेराव करने पहुंचे लोग, बाजार बंद, आरोपी की गिरफ्तारी के बाद संभले हालात

**बुरहानपुर (एजेंसी)।** बुरहानपुर में मंगलवार रात सोशल मीडिया पर धर्म विशेष पर टिप्पणी को लेकर तनाव फैल गया। इस विवादित टिप्पणी के खिलाफ बड़ी संख्या में लोग कोतवाली थाने का घेराव करने पहुंच गए। सूचना मिलते ही कलेक्टर हर्ष सिंह, एडीएम वीर सिंह चौहान और एसपी देवेंद्र पाटीदार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सभी अधिकारियों ने लोगों को समझाइश देकर



मामला शांत कराया। सुरक्षा की दृष्टि से बाजार भी बंद करा दिया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने सुरक्षा कारणों से आरोपी का नाम और टिप्पणी का खुलासा करने से इनकार किया है। पुलिस के मुताबिक, मंगलवार रात 10 बजे लोहार मंडी निवासी एक युवक इंस्टाग्राम ग्रुप पर चैट कर रहा था। इस बीच उसने धर्म विशेष को लेकर टिप्पणी की। कुछ ही देर में यह पोस्ट वायरल हो गई। संबंधित धर्म के लोग आक्रोशित होकर बाजार में इकट्ठा हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस वहां पहुंची और उन्हें खदेड़ा। इसके बाद सभी कोतवाली पहुंच गए।

**इंदौर गेर में पहली बार बड़ा हादसा**

# एक व्यक्ति की मौत

● सीएम मोहन यादव ने रद्द किए कार्यक्रम, पांच लाख लोग हुए शामिल



**भोपाल।** पहली बार इंदौर गेर यात्रा में बड़ा हादसा हुआ है। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। राजवाड़ा में यह दुखद घटना हुई है। हादसे में ट्रैक्टर ने एक व्यक्ति को कुचल दिया है। इलाज के दौरान एमवाय अस्पताल में मौत हो गई है।

इस घटना के बाद, सीएम मोहन यादव ने गेर में शामिल होने का अपना कार्यक्रम रद्द कर दिया।

उन्होंने मृतक के परिवार को 4 लाख रुपए देने की घोषणा की। गेर में यूनेस्को की टीम भी आई थी।

वे इस आयोजन को अपनी सूची में शामिल करने पर विचार कर रहे हैं। इंदौर में रंगपंचमी का त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर गेर निकाली गई, जिसमें लाखों लोग शामिल हुए। गेर में रंग और गुलाल उड़ाए गए। लोग नाच-गा रहे थे और खुशियां मना रहे थे। लेकिन, इस खुशी के माहौल में एक दुखद घटना भी हुई। राजवाड़ा में गेर के दौरान एक ट्रैक्टर ने एक व्यक्ति को कुचल दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की उम्र 45 वर्ष थी।

## करीला धाम में बाल-बाल बचे सीएम मोहन यादव

भोपाल। मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव के साथ एक घटना घटी। वह अशोकनगर जिले में रंगपंचमी के मौके पर



करीला मेले में शामिल होने गए थे। वहां एक छत पर चढ़ते समय सीढ़ी टूट गई। हालांकि, उन्हें कोई चोट नहीं आई क्योंकि आसपास के लोगों ने उन्हें पकड़ लिया। यह घटना तब घटी है, जब सीएम सीढ़ियों पर खड़े होकर मीडिया से बात कर रहे थे। सीएम मोहन यादव करीला मेले में रंगपंचमी मनाने गए थे। वहां वह मीडिया से बात करने के लिए एक छत पर बने स्थान की सीढ़ी पर चढ़े। तभी अचानक सीढ़ी टूट गई।

## नागपुर हिंसा का मास्टरमाइंड फहीम शिकंजे में

● पुलिस ने किया अरेस्ट, राजनीतिक दल का है अध्यक्ष



**नागपुर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के नागपुर में भड़की हिंसा के पीछे मास्टरमाइंड को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। नागपुर के महाल इलाके में तोड़फोड़ के बाद आगजनी हुई थी। इसके बाद सीएम फडणवीस ने पुलिस को कड़े कदम उठाने के लिए कहा था। पुलिस ने जिस शख्स को अरेस्ट किया है। उसका नाम फहीम शमीम खान है। यह भी सामने आया है कि नागपुर हिंसा के मास्टरमाइंड के तौर गिरफ्तार किए फहीम खान ने 2024 में बीजेपी नेता और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के खिलाफ चुनाव लड़ा था। नागपुर में 17 मार्च को हिंसा भड़की थी। तब यह माना गया था कि हिंसा औरंगजेब की कब्र को लेकर हुए तनाव के बाद हुई



लेकिन नागपुर के पुलिस आयुक्त ने कहा था कि एक फोटो जलाने के बाद यह घटना हुई। नागपुर शहर पुलिस ने हिंसा और दंगे के मास्टरमाइंड फहीम खान को अरेस्ट करने के बाद बुधवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने 21 मार्च तक के लिए फहीम खान को पुलिस कस्टडी में भेज दिया।

# किसी भी तरह की हिंसा ठीक नहीं...

● औरंगजेब विवाद में अब 'संघ' की एंट्री ● आरएसएस ने कहा, औरंगजेब आज प्रासंगिक नहीं है

**बेंगलुरु में आरएसएस की प्रतिनिधिसभा की होगी बैठक**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र को लेकर विवाद जारी है। नागपुर में एक अफवाह के बाद हिंसा भड़क गई। इसे लेकर सरकार और विपक्ष एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं। इस बीच औरंगजेब विवाद में आरएसएस की भी एंट्री हो चुकी है। संघ के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि किसी भी तरह की हिंसा समाज के लिए ठीक नहीं है।

वहीं औरंगजेब आज के समय में प्रासंगिक नहीं है। आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर से जब पूछा गया कि क्या औरंगजेब आज भी प्रासंगिक है और क्या उसकी कब्र को हटा दिया जाना चाहिए? तो उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह प्रासंगिक नहीं है। नागपुर हिंसा पर उन्होंने कहा, किसी भी तरह की हिंसा समाज के स्वास्थ्य के



लिए अच्छी नहीं है, और मुझे लगता है कि पुलिस ने इसका संज्ञान लिया है और इसलिए वे इस पर विस्तार से जांच करेंगे।

सुनील आंबेकर ने संघ की आगामी बैठक के बारे में बताते हुए कहा, आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की वार्षिक बैठक 21-23 मार्च को बेंगलुरु में होगी। अक्टूबर 2025 में आरएसएस के 100 साल पूरे हो जाएंगे। इसलिए हम अपने शताब्दी वर्ष से संबंधित सभी कार्यक्रमों पर चर्चा करेंगे और निश्चित रूप से, हम 23 तारीख को ही इसकी घोषणा करेंगे। दो प्रस्ताव होंगे, एक बांग्लादेश के बारे में और दूसरा प्रस्ताव आरएसएस की 100 साल की यात्रा और हमारे अगले कदम के बारे में होगा।

# एमपी के सांसदों को राष्ट्रपति ने नाश्ते पर बुलाया

● फोटो सेशन के दौरान वीडी के बगल में बैठे दिग्विजय सिंह

भोपाल। संसद सत्र के दौरान रंगपंचमी के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मध्यप्रदेश सहित सात राज्यों के सांसदों को नाश्ते पर आमंत्रित किया। इस दौरान उन्होंने मध्यप्रदेश के सांसदों से हालचाल पूछा और सभी सांसदों से परिचय प्राप्त किया। फोटो सेशन के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के बाएं तरफ केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार खटीक, दुर्गादास उईके, एल मुरुगन, खजुराहो सांसद वीडी शर्मा, राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह, वंशीलाल गुर्जर, भिंड सांसद संध्या राय बैठे थे। दाएं तरफ केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर, इंदौर सांसद अनिल फिरोजिया, रीवा सांसद जर्नादन मिश्रा, राज्यसभा सांसद डॉ. उमेशनाथ महाराज, कविता पाटीदार



बैठे दिखे। इस फोटो सेशन की तस्वीर में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह बगल-बगल में बैठे नजर आए। अनिल फिरोजिया (उज्जैन), शिवमंगल सिंह तोमर(मुरैना), राहुल सिंह लोधी (दमोह), आशीष दुबे (जबलपुर), बंटी साहू (छिंदवाड़ा), भारती पारधी (बालाघाट), भारत सिंह कुशवाह (ग्वालियर), हिमाद्री सिंह (शहडोल), लता वानखेड़े (सागर), गणेश सिंह (सतना), दर्शन सिंह चौधरी (होशंगाबाद), गजेन्द्र पटेल (खरगोन), आलोक शर्मा (भोपाल), सुधीर गुप्ता (मंदसौर), महेन्द्र सिंह सोलंकी (देवास), डॉ. राजेश मिश्रा (सीधी) शामिल हुए। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान बेटों का रिशेप्शन होने के चलते राष्ट्रपति भवन के ब्रेकफास्ट में शामिल नहीं हुए। राष्ट्रपति भवन के ब्रेकफास्ट में एमपी से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, विवेक तन्खा शामिल हुए। बीजेपी की राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि, माया नरोलिया और सुमेर सिंह सोलंकी भी शामिल हुए। राष्ट्रपति भवन में ब्रेकफास्ट के लिए मप्र के अलावा उत्तराखंड, महाराष्ट्र के सांसद भी पहुंचे।

## 9 महीने 14 दिन बाद पृथ्वी पर लौटीं सुनीता विलियम्स

● स्पेसक्राफ्ट का टेम्परेचर बढ़ने पर 7 मिनट तक संपर्क टूटा, फ्लोरिडा समुद्र तट पर लैंडिंग

**फ्लोरिडा (एजेंसी)।** भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर 9 महीने 14 दिन बाद पृथ्वी पर लौट आए हैं। इनके साथ क्रू -9 के दो और एस्ट्रोनॉट अमेरिका के निक हेग और रूस के अलेक्सांद्र गोरबुनोव भी हैं। उनका ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट भारतीय समयानुसार 19 मार्च को सुबह 3.27 बजे फ्लोरिडा के तट पर स्प्लैशडाउन हुआ, यानी पानी में लैंडिंग हुई। ये चारों एस्ट्रोनॉट मंगलवार (18 मार्च) को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से रवाना हुए थे। स्पेसक्राफ्ट के धरती के वायुमंडल में प्रवेश करने पर इसका तापमान 1650 डिग्री



सेल्सियस हो गया था। इस दौरान करीब 7 मिनट के लिए कम्युनिकेशन ब्लैकआउट रहा, यानी यान से संपर्क नहीं रहा। हालांकि, ऐसा होना आम बात है। प्लाजमा के कारण ऐसा होता है।

## रूस से परमाणु युद्ध की तैयारी में जुटा फ्रांस

● नया एयरबेस बनाने का ऐलान, हाइपरसोनिक मिसाइल से लैस 40 सुपर राफेल होंगे तैनात

**पेरिस (एजेंसी)।** अमेरिका के हाथ खींचने के डर से खौफ में चल रहे यूरोप के लिए अच्छी खबर है। फ्रांस ने ऐलान किया है कि वह एक और परमाणु हमला करने में सक्षम नया एयर बेस बनाने जा रहा है। यही नहीं इस एयरबेस पर 40 नए राफेल फाइटर जेट को तैनात किया जाएगा जो सबसे आधुनिक एम5 मानक वाले होंगे। यही नहीं इसमें हाइपरसोनिक मिसाइल भी लगाई जाएगी। नया एयरबेस लूक्सेइल में बनाया जा रहा है। फ्रांस ने यह ऐलान ऐसे समय पर किया है जब डोनाल्ड ट्रंप नाटो देशों की सुरक्षा से अपने हाथ खींच रहे हैं और रूस के परमाणु हमले के डर में यूरोपीय देश जी रहे हैं। इसी वजह से अब यूरोपीय देश अमेरिका से अलग अपनी परमाणु प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करना चाहते हैं।

## मणिपुर में जनजातीय हिंसा एक व्यक्ति की हो गई मौत

● हमार जनजाति के युवकों ने जोमी झंडा उतारा

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में मंगलवार रात करीब 10 बजे जोमी और हमार जनजाति के बीच हिंसा हुई। इस हिंसा में हमार जनजाति के रोपुई पाकुमटे नामक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। ये हिंसा तब हुई जब हमार जनजाति के युवकों ने सीलमत क्षेत्र के पास फहराए गए जोमी झंडे को उतार दिया। हिंसा को रोकने के लिए बुधवार सुबह सिक्योरिटी फोर्स ने फ्लैग मार्च किया। साथ ही चुराचांदपुर जिले के डिप्टी कमिश्नर धरुण कुमार ने अपील करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण समाधान के लिए जिला मजिस्ट्रेट हर संभव कोशिश कर रही है। जिला प्रशासन सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है। साथ ही डीसी धरुण कुमार ने जिले के सभी जनजाति और संगठनों के नेताओं



और अन्य सीएसओ नेताओं से शांति को बहाल करने में मदद की अपील की है। हमार संगठन बोला- सदस्यों को बार-बार निशाना बनाया जा रहा है।

**ईडी ने पूछा-**

# लालू जी, राबड़ी-मीसा को सस्ते में जमीनें क्यों बेची गई

● रजिस्ट्री के बाद संजय राय और उसके परिवार को नौकरी मिली, ऐसा क्यों

**पटना (एजेंसी)।** लैंड फॉर जॉब केस में आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव से ईडी की पूछताछ हो गई है। सुबह करीब 11 बजे लालू यादव बेटी मीसा भारती के साथ ईडी ऑफिस पहुंचे। पूछताछ के बीच पौने 2 बजे लालू को खाना और दवा के लिए लंच ब्रेक दिया गया। लालू से ईडी के सवालः किशुन देव राय ने अपनी 3 हजार वर्ग फीट की जमीन मात्र 3 लाख 75 हजार रुपए में राबड़ी देवी को ही क्यों बेची। राज कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार और अजय कुमार से आप कब मिले थे। आप से मिलने और राबड़ी देवी को जमीन मिलने के बाद ही इन तीनों को मध्य रेलवे मुंबई में ग्रुप डी के पद पर नौकरी क्यों मिली। महुआ बाग के रहने वाले संजय राय ने भी अपनी 3 हजार 375 वर्ग फीट जमीन राबड़ी देवी को तीन लाख 75 हजार में क्यों बेची। राबड़ी देवी के नाम जमीन रजिस्ट्री होने के बाद संजय राय और उसके परिवार के दो सदस्य को रेलवे में नौकरी मिली, ऐसा क्यों। किरण देवी ने अपनी 80 हजार 905 वर्ग फीट जमीन 3 लाख 70 हजार रुपए में आखिर आपकी बेटी मीसा भारती को ही क्यों बेची। जमीन रजिस्ट्री के बाद ही किरण देवी के बेटे अभिषेक कुमार को सेंट्रल रेलवे मुंबई में नौकरी मिली, ऐसा क्यों। आप से मिलने के बाद हजारी राय के भतीजे दिलचंद कुमार और प्रेम चंद कुमार को वेस्ट सेंट्रल रेलवे जबलपुर और साउथ ईस्टर्न रेलवे कोलकाता में नौकरी मिली, ऐसा क्यों। लाल बाबू राय के बेटे लाल चंद कुमार को 2006 में नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे जयपुर में नौकरी मिली थी। ऐसा क्यों हुआ कि लाल बाबू राय ने मई 2015 में



अपनी एक हजार 360 वर्ग फीट की जमीन आपकी पत्नी राबड़ी देवी के नाम मात्र 13 लाख रुपए में कर दी थी। बृज नंदन राय ने अपनी 3 हजार 375 वर्ग फीट जमीन हृदयानंद चौधरी को क्यों दी थी। हृदयानंद चौधरी ने ईस्ट सेंट्रल रेलवे हाजीपुर में नौकरी मिलने के बाद गिफ्ट डीड के जरिए इस जमीन को आपकी बेटी हेमा को ट्रांसफर क्यों किया था। इससे पहले लालू यादव से ईडी ऑफिस में मौजूद रजिस्टर पर साइन करवाए गए। फिर ईडी के अधिकारियों ने लालू से पूछा आप कैसे हैं, चाय-कॉफी कुछ लेंगे लालू जी। लालू यादव पर आरोप है कि उन्होंने रेल मंत्री रहते जमीन के बदले लोगों को नौकरी दी। ईडी दफ्तर के बाहर आरजेडी समर्थक नारेबाजी कर रहे थे। ईडी ऑफिस के बाहर आरजेडी समर्थकों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही थी।

# देह व्यापार की शिकायतों पर पुलिस की जांच शुरू

## स्पा सेंटर सहित एक दर्जन स्थानों पर छापे, आधा दर्जन युवक-युवतियां पकड़े

छतरपुर(नि.प्र.)। लंबे समय से छतरपुर के तमाम इलाकों में देह व्यापार के अड्डों के संचालित होने की शिकायतें सामने आ रही थीं। शहर में खुले स्पा सेंटर्स पर भी मसाज के नाम पर देह व्यापार करने के आरोप लगते रहे हैं। इन तमाम शिकायतों के सामने आने के बाद अब छतरपुर पुलिस इन संदिग्ध स्थानों की जांच-पड़ताल में जुट गई है। हालांकि ऐसी जांच-पड़ताल दो महीने पहले भी की गई थी तब पुलिस ने किसी को आरोपी नहीं बनाया था। बुधवार को एक बार फिर पुलिस ने ऐसे अड्डों पर दोपहर के समय अचानक छापामार कार्यवाही करते हुए कुछ लोगों को हिरासत में लिया है।

एसपी अगम जैन के निर्देश पर बुधवार को सिविल लाइन थाना प्रभारी बाल्मीकी चौबे और निर्भया मोबाइल टीम की प्रभारी एसआई नेहा गुर्जर के नेतृत्व में पुलिस की एक बड़ी टीम ने सिलसिलेवार तरीके से निरीक्षण का अभियान शुरू किया। इस अभियान के तहत अनुराग सिटी सेंटर में संचालित होने वाले स्पा मसाज सेंटर, पन्ना रोड, सागर रोड और देरी रोड पर चलने वाले मसाज सेंटर्स व कुछ घरों की जांच-पड़ताल शुरू की। इन स्थानों पर पहुंची पुलिस ने स्पा सेंटर के एक-एक रूम में जाकर संदिग्ध गतिविधियों की जांच की। स्पा सेंटरों के दस्तावेज जांचते हुए यहां काम करने वाले कर्मचारियों से पूछताछ की। इन स्पा सेंटरों पर उत्तर पूर्वी राज्यों की कई लड़कियां काम करते हुए पायी गईं। इसके बाद पुलिस ने देरी रोड और पन्ना रोड के दूर-दराज इलाकों में मौजूद कुछ घरों पर भी छापामार कार्यवाही की जहां उत्तर पूर्व और बाहरी राज्यों की लड़कियां पाई गईं। इन स्थानों पर कुछ संदिग्ध लड़के भी मिले हैं जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है। जब पुलिस की टीमें इन अड्डों पर पहुंची तो यहां हड़कंप की स्थिति मच गई। बाहर के राज्यों की लड़कियों ने अपने बारे में यह बताया कि वे काम के सिलसिले में कुछ दिन पहले ही यहां आयी थीं। बहरहाल पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ शुरू कर दी है।



### कार्यवाही सिर्फ सुर्खियां बटोरने तक सीमित

गौरतलब है कि हाल ही में हुए टीआई कुजूर आत्महत्या काण्ड के बाद यह मामला सुर्खियों में आया था कि शहर में पुलिस के संरक्षण के भीतर ही देह व्यापार के दो दर्जन से ज्यादा अड्डे संचालित हो रहे हैं। इनमें स्पा सेंटर भी शामिल हैं। इन अड्डों पर बाहरी राज्यों की लड़कियां आ रही हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से इन लड़कियों को ग्राहक उपलब्ध कराए जाते हैं और खुलेआम देह व्यापार का धंधा शहर में फलफूल रहा है। लगातार हो रही पुलिस की बदनामी के बाद इस मामले में पुलिस एक्शन में जरूर नहीं आ रही है लेकिन यह जांच-पड़ताल एक बार फिर सुर्खियां बटोरने तक ही सीमित रह सकती है क्योंकि बुधवार को पुलिस ने किसी की गिरफ्तारी नहीं की है। लगभग दो महीने पहले भी इसी तरह का जांच अभियान चलाया गया था और तब भी पुलिस को कोई आरोपी नहीं मिला था। अक्सर पुलिस पर आरोप लगते रहे हैं कि स्पा सेंटर भी अब थानों की मासिक कमाई का जरिया बन गए हैं इसलिए ये बे रोक-टोक चल रहे हैं।

**इनका कहना-**

आज की कार्यवाही में 6-7 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। कुछ लड़कियां भी हिरासत में ली गई हैं जो अन्य राज्यों की हैं। पुलिस इनके बारे में जानकारी जुटा रही है।

**बाल्मीकी चौबे, थाना प्रभारी, सिविल लाइन छतरपुर**

# पुलिस ने चोरी के गिरोह का किया पर्दाफाश

## चोरों से आभूषण चोरी, बाईक सहित अन्य घटनाओं का किया खुलासा




छतरपुर(नि.प्र.)। थाना नौगांव पुलिस ने वर्ष 2024 में कृषि फार्म हाउस से मूंगफली चोरी करने वाले 4 आरोपी राजा खान पिता चुन्ना खान निवासी नौगांव, अरुणेन्द्र उर्फ प्रसन्न पिता भूलेन्द्र सिंह निवासी नौगांव, रोहित रैकवार पिता शिवचरण पाठक निवासी नौगांव, भूपेन्द्र सिंह बुन्देला पिता पूरन सिंह बुन्देला निवासी गौना करौला थाना पलेरा जिला टीकमगढ़ हाल नौगांव को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया था। रिमांड में पूछताछ पर अन्य आरोपी के साथ अन्य चोरी की घटना कारित करना स्पष्ट हुआ। विधिवत कार्यवाही कर पुलिस टीम ने आरोपी जयेन्द उर्फ जिन्दू राजपूत पिता मुन्नालाल राजपूत निवासी नौगांव को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गयी। माह जनवरी वर्ष 2025 में नौगांव के वार्ड क्रमांक 5 में एक घर में चोरी संबंधी रिपोर्ट पर थाना नौगांव में चोरी का अपराध पंजीबद्ध किया गया था, आरोपियों द्वारा इस घर में चोरी की घटना को स्वीकार किया एवं आरोपियों के पास से चोरी किए गए सोने चांदी के आभूषण बरामद किए गए। आरोपियों के पास से हीरो स्प्लेंडर प्लस जिला महोबा, स्प्लेंडर आई स्मार्ट जिला झांसी, हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस जिला बनारस एवं सीडी डीलक्स जिला छतरपुर से रजिस्टर्ड चार मोटरसाइकिल बरामद की गई। सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल का थाना सिविल लाइन में चोरी का अपराध पंजीकृत है। आरोपियों के पास से करीब 7 लाख रुपए की संपत्ति बरामद की गई है। सम्मिलित अन्य आरोपियों की तलाश एवं विवेचना कार्यवाही जारी है।

## दिगौड़ा पुलिस ने रामराजा मंदिर में दान पेटी चोरी का खुलासा किया, आरोपी गिरफ्तार



टीकमगढ़(विंध्यशक्ति)पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में दिगौड़ा पुलिस ने रामनगर गांव के रामराजा मंदिर में हुई दान पेटी चोरी का खुलासा किया है। पुलिस ने चोरी के आरोपी को चोरी की गई सामग्री सहित गिरफ्तार कर लिया है।

### घटना का विवरण

12 मार्च, 2025 की रात को रामनगर गांव के रामराजा मंदिर में दान पेटी चोरी हो गई थी। दिगौड़ा थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 331(4), 305ए बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### पुलिस कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम का गठन किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम और एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दिगौड़ा उप निरीक्षक नीरज सिंह लोधी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने काम किया।

पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर रामनगर गांव के आकाश सिंह घोष (उम्र 30 वर्ष) को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आकाश सिंह ने मंदिर से दान पेटी चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने दान पेटी से चोरी की गई सामग्री को बरामद कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी आकाश सिंह घोष को न्यायालय में पेश किया गया है। इस सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी दिगौड़ा उप निरीक्षक नीरज कुमार और उनके दल के अन्य सदस्य शामिल थे।

# होली मिलन कार्यक्रम में विधायक ने कहा सब मिलकर करें क्षेत्र का विकास



खजुराहो(नि.प्र.)। राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया की ओर से टूरिस्ट विलेज खजुराहो में रंग पंचमी के अवसर पर होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने इसमें भाग लिया। अबीर-गुलाल लगाकर सबको शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में क्षेत्र भर के बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, समर्थकगण, विधानसभा क्षेत्रवासी शामिल हुए। विधायक अरविंद पटैरिया ने आयोजन में शामिल होने आए सभी लोगों को रंग गुलाल लगाकर होली का त्यौहार मनाया। वहीं उनके समर्थकों ने उन्हें रंग गुलाल लगाते हुए फूलों की माला पहनाई। इस मौके पर विधायक अरविंद पटेरिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि होली रंगों का त्यौहार है, जो आपसी बुराई और मनमुटाव की खत्म करके खुशियों के रंग भर देता है, हमारी संस्कृति आपसी मेलजोल और भाईचारे से रहने की रही है, आपसभी के सहयोग के लिए तत्पर रहूंगा। विधायक श्री पटैरिया ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता में है। समूचे क्षेत्रवासियों के सहयोग से ही विकास संभव है। उन्होंने सबके जीवन में खुशियों का रंग घुला रहे यह मतंगेश्वर भगवान से कामना की।

जानकारी के मुताबिक खजुराहो के टूरिस्ट विलेज के प्रांगण में राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया का होली मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इधर होली मिलन कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। लोगों ने विधायक श्री पटैरिया को गुलाल लगाते हुए उनकी मंगलकामना की। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव सिंह बघेल,नप अध्यक्ष अरुण पप्पू अवस्थी,राजीव वाजपेई, मुकेश पाण्डे, संजय मिश्रा, देवेन्द्र सोनी, श्याम बाबू त्रिवेदी, जनपद उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र अवस्थी, नीरज चतुर्वेदी, गौरव अग्रवाल, डॉ.रामअवतार चौबे खरोंही, शिव शंकर खरे, राकेश दुबे पहाड़ी बावन, प्रदीप डेंगा, भैयाजी अचनार, महेश शुक्ला, श्रीकांत मिश्रा सहित अन्य भाजपा पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं के साथ राजनगर विधानसभा क्षेत्र भर से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### विधायक ने क्षेत्र के विकास को लेकर मुख्यमंत्री से की भेंट

विधायक अरविंद पटैरिया ने विगत रोज को मुख्यमंत्री से भेंट किए जाने के संबंध में सभी क्षेत्रवासियों को अवगत कराते हुए कहा कि वे अपने क्षेत्र की लगातार चिंता करते रहते हैं। क्षेत्र के विकास के संबंध में मुख्यमंत्री से तमाम बिंदुओं पर चर्चा की गई है। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया है कि उनके क्षेत्र में विकास की गंगा बहाएंगे। विधायक ने मुख्यमंत्री के सकारात्मक आश्वासन पर उनका धन्यवाद दिया।

## चैत्र नवरात्रि और रामनवमी को लेकर राम बाग में नगरवासियों की बैठक आयोजित



बड़ा मलहरा(नि.प्र.)। आगामी रामनवमी पर्व के आयोजन को लेकर नगरवासियों ने मंगलवार को राम बाग में एक बैठक आयोजित की। राम बाग के महंत मोहित दास जी महाराज के निर्देशन में बैठक में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, समाजसेवियों और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक में तय किया गया कि चैत्र नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन संध्याकाल बेला में राम बाग पर सभी धार्मिक श्रद्धालु एकत्रित होकर रामधुन का आयोजन करेंगे। इसके बाद नगर के प्रत्येक मंदिर में जाकर सामूहिक रूप से सार्वजनिक आरती का आयोजन किया जाएगा। निर्णय के अनुसार, प्रतिदिन नगर के एक मंदिर में यह आयोजन संपन्न किया जाएगा।

साथ ही, नगरवासियों से अपने घरों में झालर, झंडे और फ्लैग्स लगाकर नगर को आकर्षक ढंग से सजाने का आह्वान किया गया एवं प्रति वर्ष नगर में मनाए जाने वाले रामनवमी के पर्व को और अधिक भव्यता प्रदान करने हेतु विचार रखे गए, ताकि पूरे नगर में धार्मिक माहौल का संचार हो सके।

बैठक में श्री राम सेवा समिति अध्यक्ष पवन द्विवेदी, उपाध्यक्ष सतेंद्र सिंह अंशुल पाठक, कोषाध्यक्ष राजेंद्र सोनी, सत्यपाल यादव जनपद पंचायत अध्यक्ष राघव राजा, डॉक्टर रमेश असाटी,वीर सिंह, नीरज पौराणिक, नितिन चौधरी दीपू शर्मा, प्राशू असाटी, संजीव जैन सहित अन्य समाजसेवी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजकों ने सभी नगरवासियों से रामनवमी पर्व को भव्य और सुव्यवस्थित रूप से मनाने में सहयोग करने की अपील की।

## टीकमगढ़ में मासूमों पर कुत्तों का कहर



टीकमगढ़ (विंध्यशक्ति)। जिले के बम्होरी कला थाना क्षेत्र के एक छोटे से गांव कपासी में इन दिनों दहशत का माहौल है। यहां आवारा कुत्तों का झुंड मासूम बच्चों और ग्रामीणों पर लगातार हमले कर रहा है। बुधवार को इन कुत्तों ने दो मासूम बच्चों समेत तीन लोगों को अपना शिकार बनाया।

### खौफ से कांपते गांववाले, घरों में कैद हुए बच्चे

गांववालों के अनुसार, लगभग 25-30 कुत्तों का एक झुंड पिछले कुछ दिनों से गांव में घूम रहा है और रास्ते में मिलने वाले हर इंसान और जानवर पर हमला कर रहा है। पिछले एक सप्ताह में इन कुत्तों ने 12 से अधिक लोगों को काटकर घायल कर दिया है, जिनमें ज्यादातर बच्चे हैं। इन हमलों से गांव के लोग इतने डरे हुए हैं कि उन्होंने अपने बच्चों को स्कूल भेजना बंद कर दिया है। ग्रामीण भी खेतों में जाने से कतरा रहे हैं, क्योंकि उन्हें डर है कि कुत्ते उन पर हमला कर सकते हैं।

### प्रशासन से गुहार, जल्द हो कार्रवाई

गांववालों ने प्रशासन से इन आवारा कुत्तों को पकड़ने की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि अगर जल्द ही कोई कार्रवाई नहीं की गई, तो कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। लोग अपने घरों से बाहर निकलने में भी डर रहे हैं।

## जिला अधिवक्ता संघ टीकमगढ़ ने रंगपंचमी के पावन उत्सव पर आयोजित किया होली मिलन समारोह




टीकमगढ़(विंध्यशक्ति)। जिला अधिवक्ता संघ टीकमगढ़ ने बुधवार को रंग पंचमी के पावन पर्व पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया, एवं एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली एवं रंग पंचमी की शुभकामनाएं दीं। होली मिलन समारोह में जिला अधिवक्ता संघ टीकमगढ़ के अध्यक्ष एडवोकेट अनिल त्रिपाठी एवं एडवोकेट सचिव मनीष यादव और महिला अधिवक्ता गण व जिला बार संघ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## संकट मोचन मंदिर में मनाया गया रंगपंचमी उत्सव



छतरपुर। शहर के प्रमुख आस्था केन्द्रों में शामिल संकट मोचन मंदिर में रंगपंचमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। समिति द्वारा महोत्सव के पूर्व ख्याति प्राप्त कलाकार दिनेश शर्मा के माध्यम से श्री हनुमान जी की प्रतिमा का श्रृंगार कराया गया और इसके बाद नगर के अनेक गणमान्य अतिथियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, महिलाओं-पुरूषों की उपस्थिति में रंगपंचमी महोत्सव मनाया गया। समिति की ओर से राजेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि श्री हनुमान जी की प्राचीन प्रतिमा का श्रृंगार देखकर यहां आए श्रद्धालु उत्साहित हुए। इन सभी ने एक-दूसरे को तिलक लगाकर भजन-कीर्तन के माध्यम से यह उत्सव मनाया।

# हिन्दी लेखिका संघ दमोह का रंगारंग कार्यक्रम सम्पन्न

दमोह(नि.प्र.)। सरस्वती कन्या विद्यालय के सभा कक्ष में डॉ ऋतु दुआ के मुख्यातिथ्य, पुष्पा चिले की अध्यक्षता एवं कुसुम खरे श्रुति, डॉ प्रेमलता नीलम के विशिष्टातिथ्य में हिन्दी लेखिका संघ दमोह का होली मिलन समारोह संपन्न हुआ। मां सरस्वती के पूजन दीप प्रज्वलन के पश्चात मां की वंदना संगीता पांडे ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था अध्यक्ष पुष्पा चिले ने किया। आभार डॉ प्रेमलता नीलम ने व्यक्त किया। अतिथियों का स्वागत होली के विशेष हार पहनाकर एवं गुलाल और सम्मान की टोपी लगाकर किया गया।मुख्यअतिथि डॉ ऋतु दुआ ने संस्था की प्रशंसा करते हुए कहा हिन्दी लेखिका संघ नगर की जानी-मानी सुप्रसिद्ध साहित्यिक संस्था है। मैं यहां आकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। सबसे अच्छी बात है कि इस संस्था में सभी बहनें एक परिवार की तरह रहतीं हैं। पुष्पा चिले ने कहा कि सभी बहनों के सहयोग से हमारी संस्था उन्नति के पथ पर अग्रसर है।बहनों ने शब्दों के रंगों के सुन्दर गुलदस्ते भेंट किये। पुष्पा चिले ने पढ़ा महुआ टपकें रस भरे,मादक गंध उडाय।गौरी घूंघट ओट से रस गागर छलकाय। डॉ प्रेमलता नीलम पढ़ा गोरे गोरे गालों पे मलदी गुलाल,रहा न किसी के मन में मलाल। वसुंधरा तिवारी ने कहा प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है होली, संस्कृति का महापर्व है होली। डॉ किरण गोस्वामी ने पढ़ा होली से सब खुशियां मिलतीं, इसीलिए तो खास है होली। पद्मा तिवारी ने पढ़ा बीती है सो बीत गयी,नेकी की अब करो कमाई। लता गुरु ने कहा होली की इस महा गोष्ठी में हम-सब आज पधारे हैं,माई शारदा के चरणों में सौ सौ नमन हमारे हैं। संगीता पांडे ने कहा होली के रंगों में ऐसे रंग दो,मिटे न कभी खुमारी। साधना बिरथरे ने कहा आज शहर था शांत, सड़कें गलियां सूनी,बदल गया सबका व्यवहार,यह कैसा होली का त्यौहार। उमा नामदेव ने कहा मौज मस्ती का नशा, सखि सहेलियों के संग, कितने मनभावन हैं ये



होली के रंग। आराधना राय ने पढ़ा होली लेकर आती है,टेसु सेंमल की सौगातें। शिवकुमारी शिवहरे ने कहा प्रेम की रीत सिखाती है होली भाईचारे की है सुन्दर मौली।ऊषा शिवहरे ने कहा होली का त्यौहार हमारा, कितना मोहक कितना प्यारा। मनोरमा रतले पढ़ा, कान्हा के रंग रंग गयी अब चढ़े न दूजा रंग। मीठी जैन ने कहा होली जब भी आती है, एकता का पाठ पढ़ाती है। सीमा जैन ने कहा मन में उमंग जगाये होली, खुशियां डेरों लाये होली। अर्चना राय ने कहा मादक गंध महुआ की जब आती है समझो होली आती है। गीता त्रिवेदी ने पढ़ा गुरु ने पढ़ाया प्रेम का पाठ, होली सिखाती मिलालो हाथ। कुसुम खरे श्रुति ने कहा -प्रेम के रंग बड़े मनभावन, जैसे होली, दिवाली,सावन।मालती असाटी, लता केरशवानी, ऋतु पांडे विनीता जडिया, ममता गुरु, प्रियंका गुरु, सुनीता पटेल,रुचि श्रीवास्तव आदि बड़ी संख्या में बहनों होली पर सुन्दर गीत प्रस्तुत किए।

## कलेक्टर ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईव्हीएम तथा व्हीव्हीपीएटी वेयर हाउस का किया निरीक्षण



टीकमगढ़, (विंध्यशक्ति)। निर्वाचन आयोग के निर्देषानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईव्हीएम तथा व्हीव्हीपीएटी मषीनों के लिये बनाये गये वेयर हाउस का तिमाही निरीक्षण किया जाता है। इसीक्रम में आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईव्हीएम तथा व्हीव्हीपीएटी मषीनों के लिये कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईव्हीएम वेयर हाउस को खुलवाकर उसका निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवष्यक निर्देष दिये।

इस अवसर पर अपर कलेक?टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी पीएस चैहान, सरोज राजपूत, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि सूर्य प्रकाष मिश्रा, जितेन्द्र घुवारा, मुलायम सिंह अहिरवार, गिरधारी लाल कबीर, वेयर प्रभारी एपीसी सुभाष मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया सम्मान, 101 वर्षीय जशोदा बाई बनी असाटी समाज की सदस्य

बड़ा मलहरा(नि.प्र.)। अखिल भारतीय असाटी समाज द्वारा समूचे भारत में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है इसी तारतम में बड़ा मलहरा सदस्यता प्रभारी रामकुमार असाटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में धन प्रसाद असाटी के निवास पर उनकी माता श्री जसोदा बाई को सदस्य बनाया गया इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री वीरेंद्र असाटी जी परम संरक्षक डॉ रमेश असाटी पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धन प्रसाद असाटी नगर महिला अध्यक्ष श्रीमती मालती असाटी जी सुयस असाटी जी की उपस्थिति में 101 वर्षीय श्रीमती जसोदा बाई स्वर्गीय पति श्री गणेश प्रसाद असाटी को असाटी समाज का सदस्य बनाया गया यह सदस्यता अभियान बड़ा मलहरा में लगभग 80त्न हो चुका है इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र असाटी जी ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है हम चाहते हैं कि सत प्रतिशत लोगों को सदस्य बनाया जाए 18 वर्ष की उम्र से लेकर यह सदस्य बनाए जा रहे हैं बड़ा मलहरा के सदस्यता प्रभारी रामकुमार असाटी एवं महिला अध्यक्ष श्रीमती मालती असाटी सक्रियता से काम कर रही है वहीं डॉक्टर रमेश असाटी परम संरक्षक ने कहा कि यह गौरव की बात है की 101 वर्ष की उम्र में भी सदस्य बनने की उम्मीद रखी गई है मैं धन प्रसाद असाटी जी की माता श्री जसोदा बाई को हृदय से शुभकामनाएं देता हूं इस मौके पर पत्रकार अमित असाटी उपस्थित थे धन प्रसाद असाटी के पूरे परिवार के सभी लोग सदस्य बन चुके हैं श्री राम कुमार असाटी जी ने बतलाया कि वे नगर में सत प्रतिशत सदस्यता अभियान सफल करेंगे श्रीमती जसोदा बाई का सभी पदाधिकारी ने माला शाल श्रीफल एवं मिठाई से सम्मान किया।

## पुलिस ने सात हजार के इनामी वारंटी को पकड़ा

छतरपुर(नि.प्र.)। थाना किशनगढ़ के वर्ष 2015 के पशु क्रूरता निवारण प्रकरण का आरोपी अमजद उर्फ गुड्डू खान पिता रहमत खान निवासी कदौरा जिला जालौन उत्तर प्रदेश हाल ईशानगर फरार चल रहा था। न्यायालय द्वारा फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु वर्ष 2022 में स्थाई वारंट जारी किया गया था।

पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा स्थाई वारंटीयों की गिरफ्तारी हेतु लंबित स्थाई वारंटी (न्यायालय द्वारा जारी तिथि) जो माह दिसंबर 2012 से पूर्व के हैं, उन पर 10000, वर्ष 2013 से 2017 तक 8000, वर्ष 2018 से वर्ष 2022 तक 7000, माह जनवरी वर्ष 2023 से माह दिसंबर वर्ष 2023 तक 4000 एवं 1 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक 2000 जारी स्थाई वारंटी की गिरफ्तारी हेतु इनाम की उद्घोषणा की गई है। थाना किशनगढ़ एवं ईशानगर पुलिस ने उक्त प्रकरण के फरार स्थाई वारंटी 7000 रुपये के इनामी वारंटी अमजद खान उर्फ गुड्डू को गिरफ्तार किया। वारंटी को न्यायालय पेश किया जा रहा है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी किशनगढ़ उनि राजकुमार तिवारी, थाना प्रभारी ईशानगर शैलेन्द्र सक्सेना, प्र.आर. जगवेन्द्र सिंह, आर. भगवानदास यादव, धर्मेन्द्र पटेल, दीपक चौरसिया की भूमिका रही।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय कुछेछा, सीएचसी सुमेरपुर व जिला कारागार का किया निरीक्षण

हमीरपुर(नि.प्र.)। आज राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी ने अपने दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के ऋम में सर्वप्रथम कस्तूरबा गांधी विद्यालय कुछेछा का निरीक्षण किया तथा वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वहां अध्यनरत छात्राओं से विद्यालय में दी जा रही सुविधाओ के बारे में फीडबैक लिया तथा मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण के बारे में उन्हें जागरूक किया। तत्पश्चात राज्य महिला आयोग की सदस्य ने सीएचसी सुमेरपुर का निरीक्षण कर वहां दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया तथा वहां पर मरीजों से स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में फीडबैक लेकर संबंधित को जरूरी निर्देश दिए तथा कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। तत्पश्चात उन्होंने कलेक्ट्रेट स्थित वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने वहां की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। इसके पश्चात सदस्य ने जिला कारागार का निरीक्षण कर वहां पर स्थित महिला बैरिक/महिला बंदी गृह को देखा तथा वहां दी जा रही सुविधाओं के बारे में महिला कैदियों से फीडबैक लिया तथा संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। इस मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र प्रताप सिंह तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। उक्त कार्यक्रम के अलावा अपने दो दिवसीय कार्यक्रम के ऋम में राज्य महिला आयोग की सदस्य कल 19 मार्च को मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाये जाने, महिला उत्पीड़न की रोकथाम व महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से तथा पीड़ित महिलाओं की सुगमता की दृष्टि से डा. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट हमीरपुर में पूनम द्विवेदी, सदस्य उप्र. राज्य महिला आयोग द्वारा 19 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जागरूकता शिविर/महिला जनसुनवाई एवं महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा की जाएगी। अतः उक्त के दृष्टिगत उन्होंने जनपद हमीरपुर के महिला उत्पीडन से पीड़ित महिलाओ से अपील की है कि 19 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे डा. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेटे हमीरपुर में आयोजित जागरूकता शिविर में उपस्थित होकर महिला उत्पीड़न के सम्बन्ध में सदस्य उप्र. राज्य महिला आयोग के समक्ष उपस्थित होकर अपनी समस्या से अवगत करा सकते है।

## जिले के विकासखंडों में 7 मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं हुईं प्रारंभ

छतरपुर। म. प्र.शासन किसान कल्याण एवं कृषि विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिला स्तरीय समिति के अनुमोदन पश्चात जिले के विकासखंडों में 7 मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाएं प्रारंभ की गई हैं। जिसके लिए चयनित संस्था एवं युवा उद्यमी को प्रयोगशाला हस्तांतरण करते हुए मृदा नमूना परीक्षण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है इन मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं द्वारा किसानों से प्राप्त नमूनों की जांच कर तत्वों की जानकारी एवं आगामी फसल में पोषक तत्वों की सिफारिश के पत्रक तैयार किए जाएंगे। जो किसानों को कृषि विभाग के कर्मचारियों द्वारा वितरित किया जाकर, समझाइस दी जाएगी।

उपसंचालक कृषि ने किसानों से अपील की है कि किसान अपने क्षेत्र की मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं में मिट्टी नमूना स्वयं या कृषि विभाग के मैदानी कार्यकर्ताओं और विकासखंड स्तर के कार्यालय के माध्यम से भेज सकते हैं और कहा कि वर्तमान में रबी फसल की कटाई होने से खेत खाली होते हैं तो वह खेत के सैंपल लेकर प्रयोगशाला भेजें।

### विकासखंडवार चयनित संस्था एवं युवा उद्यमी

विकासखण्डवार चयनित संस्था एवं युवा उद्यमी में बड़ामलहरा से एसआरएच फूड इंडस्ट्रीज प्राई. लिमि., छतरपुर से श्री अखिलेश प्रजापति, राजनगर से एस.एम.ए.जी. एजुकेशन एंड सर्विस प्राई.लि., लवकुशनगर से वीरेन्द्र कुमार पटेल, बिजावर से सर्वेश गुप्ता ,बक्सवाहा से चतुर्भज पाल एवं गौरिहार से श्री नरेंद्र यादव का चयन किया गया है। अतः किसान भाई विकासखंड स्तर पर ही अपने खेतों की मिट्टी की जांच करवा सकते हैं।

## सिविल लाइन पुलिस 2 आरोपियों को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

छतरपुर(नि.प्र.)। पुलिस द्वारा अवैध हथियारों के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है। थाना सिविल लाइन पुलिस ने विगत दिनों में 40 आरोपी अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किए हैं। थाना सिविल लाइन पुलिस को विगत रात्रि पृथक पृथक स्थान में अवैध हथियार संबंधी सूचना प्राप्त हुई। बीएसएनएल ऑफिस रोड भूत बंगला के पास से आरोपी प्रहलाद यादव उर्फ बक्का यादव पिता मथुरा यादव निवासी महाराजगंज थाना सिविल लाइन को 12 बोर की लॉन्ग बैरल अवैध बंदूक के साथ गिरफ्तार किया गया। पन्ना रोड फोरलेन ब्रिज के नीचे से आरोपी राजेंद्र यादव पिता जानकी यादव निवासी ग्राम धारा रही थाना सिविल लाइन को 315 बोर देशी कट्टा सहित गिरफ्तार किया गया। दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध पृथक पृथक आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गठेवरा से माह फरवरी वर्ष 2025 में एक मोटरसाइकिल चोरी हुई थी, थाने में चोरी का अपराध पंजीबद्ध हुआ था। उक्त अभियुक्त प्रहलाद उर्फ बक्का यादव से बारीकी से पूछताछ पर चोरी की गई हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल बरामद की गई। अभियुक्तों से विधिवत पूछताछ की जा रही है।

# स्वच्छता रील प्रतियोगिता में करें भागीदारी, मिलेगा नकद पुरस्कार

पन्ना(ज.सं.)। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण द्वारा स्वच्छता रील प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसके जरिए प्रतिभागियों को रील तैयार कर वायरल करने पर नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी निर्धारित तीन विषयों क्रमशः गीला-सूखा कचरा अलग-अलग रखो, कचरे का दोबारा उपयोग करो एवं खुले में कचरा मत फैलाओ पर रील तैयार कर सकते हैं। वीडियो लिंक शेयर करने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल निर्धारित है।

प्रतियोगिता में सहभागिता के लिए निर्धारित तीन विषयों पर रोचक रील तैयार कर सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे एक्स, यूट्यूब एवं फेसबुक पर ज्यादा से ज्यादा शेयर करना होगा। रील को एमपी डॉट मायगॉव डॉट इन पर सबमिट करके प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। स्वच्छता संदेश पर केन्द्रित पांच सबसे अधिक वायरल रील बनाने वालो को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। प्रथम पुरस्कार दो लाख रूपए, द्वितीय पुरस्कार एक लाख रूपए, तृतीय पुरस्कार पचास हजार रूपए तथा दो प्रतिभागियों के लिए सांत्वना पुरस्कार 25-25 हजार रूपए निर्धारित है।

# एसपीएसएस से शोध की बढ़ती है विश्वसनीयता एवं सटीकताः डॉ विनोद सेन

### वाणिज्य विभाग में कार्यशाला के तीसरे दिन व्याख्यानों का छात्रों को मिला लाभ

छतरपुर(नि.प्र.)। महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्विद्यालय,छतरपुर के वाणिज्य अध्ययनशाला एवं शोध केन्द्र द्वारा पीएम ऊषा के अंतर्गत एसपीएसएस एवं डेटा एनालिसिस(सामाजिक विज्ञान हेतु सांख्यिकी एवं आंकड़ों का प्रयोग विश्लेषण) विषय पर सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के तीसरे दिन 19 मार्च बुधवार को प्रो विनोद सेन,इंदिरा गांधी जनजातीय विश्वविद्यालय ,अमरकंटक एवं डॉ सी एल प्रजापति एमसीबीयू के उपयोगी व्याख्यानों का लाभ शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने लिया।इस अवसर पर सेवानिवृत प्राचार्य प्रो जीसी सिंघई विशेष रूप से उपस्थित रहे।कोआर्डिनेटर डॉ प्रभा अग्रवाल एवं संयोजक डा बीके अग्रवाल, डा एसपी जैन,डा एके निगम,श्री सुयश सागर बाजपेई आदि ने प्रो सिंघई एवं वक्ता डा सीएल प्रजापति का पुष्पगुच्छ से आत्मीय स्वागत किया।



कार्यशाला के तीसरे दिन मुख्य वक्ता डॉ विनोद सोनी अमरकंटक ने एप्लीकेशंस ऑफ एस.पी.एस.एस विषय पर अपने ऑनलाइन उद्बोधन में एसपीएसएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से सामाजिक शोध के आंकड़ों के विश्लेषण की विधियों को सरल भाषा में प्रस्तुत किया। व्याख्यान के दौरान डॉ. सेन ने विभिन्न प्रकार की तकनीकों जैसे–डेस्क्रिप्टिव एनालिसिस, कोरिलेशन, रिग्रेशन एवं फ्रीक्वेंसी डिस्ट्रीब्यूशन आदि की व्यावहारिक जानकारी दी। उन्होंने शोधार्थियों को डेटा एंट्री, कोडिंग, डेटा क्लीनिंग और रिपोर्ट जनरेशन की प्रक्रियाओं से भी परिचित कराया।

कार्यशाला में दूसरे वक्ता डॉ सीएल प्रजापति ने सह संबंध एवं प्रतिगमन विषय पर दिए व्याख्यान में सांख्यिकीय विश्लेषण की दो महत्वपूर्ण विधियों–कोरिलेशन (सहसंबंध) एवं रिग्रेशन (प्रतिगमन)की अवधारणाओं को विस्तारपूर्वक समझाया। उन्होंने बताया कि सहसंबंध विश्लेषण किसी भी दो या अधिक चर के बीच संबंध की दिशा और ताकत का पता लगाने में सहायक होता है। कार्यक्रम के पहले सत्र का संचालन आयोजन सचिव सुयश सागर बाजपेयी एवं दूसरे सत्र का संचालन डा एसपी जैन ने किया।अंत में अतिथि विद्वान श्री संजय जैन ने सभी का आभार माना।इस अवसर पर वाणिज्य के प्राध्यापक,अतिथि विद्वान,शोधार्थी तथा अन्य संकायों के छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


## उत्तर मध्य रेलवे

कार्यालय कलेक्टर, जिला छतरपुर एवं पदेन उपसचिव मध्य प्रदेश शासन, (राजस्व) विभाग छतरपुर.

सार्वजनिक सूचना

दिनांक 17/03/2025

प्रकरण क्रमांक 0001/अ-82/2024-25/173/भू-अर्जन/ 2025 ::- चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है, कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि/भवन/परिसम्पत्तियों की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है। अतः अनुसूची में सम्मिलित भूमि/भवन/परिसम्पत्तियों धारकों की अंकित भूमि की झांसी-खैरार-मानिकपुर व खैरार भीमसेन दोहरीकरण रेल लाईन परियोजना निर्माण के लिये राज्य सरकार के सम्बंधित विभाग/उपक्रम रेलवे विभाग के पक्ष में आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 12 नवम्बर, 2014 के तहत क्रय करने का विचार किया जा रहा है।

अतः मध्य प्रदेश शासन, राजस्व विभाग मंत्रालय बल्लभ भवन भोपाल की आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति क्रमांक एफ- 12-2/2014 ए भोपाल दिनांक 12 नवम्बर, 2014 की कण्डिका 11 (1) एवं (2) के अन्तर्गत सार्वजनिक रूप से सूचित किया जाता है, कि यदि उक्त सम्बंध में किन्ही व्यक्तियों को भूमि/भवन/परिसम्पत्तियों आदि के स्वत्व के सम्बंध मे कोई आपत्ति हो तो वह 15 दिवसों के भीतर, आधार स्पष्ट करते हुये आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 12 नवम्बर, 2014 की कण्डिका 11 (1) एवं (2) के अन्तर्गतयह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि / भवन / परिसम्पत्तियों की उपरोक्त प्रयोजन के लिये आवश्यकता हैः-
**(1) भूमि का विवरणः- (क)** जिला- छतरपुर **(ख)** तहसील- नौगांव **(ग)** ग्राम- सरसेंड़ (चपरन) **(घ)** लगभग क्षेत्रफल निजी भूमि - 1933.75 वर्गमीटर

| क्र. | मद | ख.नं. | कब्जाधारियो का नाम | रकबा वर्ग मी. | भूमि | मकान | सोलेशियम राशि 100% | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | (आवादी) | 2011 | लालराम तनय अयोध्या प्रसाद कुशवाहा | 61.00 | 0 | 885782 | 885782 | 1771564 |
| 2 | (आवादी) | 2011 | रमेश तनय बाल किशन भदौरिया | 73.50 | 147000 | 693234 | 840234 | 1680468 |
| 3 | (आवादी) | 2011 | छोटेलाल तनय पुनू कुशवाहा | 43.80 | 87600 | 152820 | 240420 | 480840 |
| 4 | (आवादी) | 2011 | क्रष्ण कुमार तनय रामस्वरूप कुशवाहा | 51.00 | 91800 | 161851 | 253651 | 507302 |
| 5 | (आवादी) | 2011 | पुष्पेन्द्र मोहन तनय घनश्याम भदौरिया | 72.00 | 0 | 239452 | 239452 | 478904 |
| 6 | (आवादी) | 2011 | रामस्वरूप तनय प्यारेलाल कुशवाहा | 140.32 | 0 | 770890 | 770890 | 1541780 |
| 7 | (आवादी) | 2011 | मातादीन तनय पूरन भदौरिया | 26.59 | 53180 | 181888 | 235068 | 470136 |
| 8 | (आवादी) | 2011 | भजन लाल तनय परशराम कुशवाहा | 97.13 | 194260 | 927328 | 1121588 | 2243176 |
| 9 | (आवादी) | 2011 | परमानन्द तनय परसराम कुशवाहा | 82.98 | 165960 | 576927 | 742887 | 1485774 |
| 10 | (आवादी) | 2011 | मुन्ना तनय लटोरे कुशवाहा | 38.58 | 77160 | 280076 | 357236 | 714472 |
| 11 | (आवादी) | 2011 | जगदीश ज्ञानी तनय लखन कुशवाहा | 41.56 | 83120 | 276631 | 359751 | 719502 |
| 12 | (आवादी) | 2011 | कृपाराम, शिवदयाल, बृजकिशोर, मनोज, लक्ष्मीनारायण, नरेन्द्र तनय दशरथ कुशवाहा | 206.70 | 413400 | 1803498 | 2216898 | 4433796 |
| 13 | (आवादी) | 2011 | सुन्दर लाल ठाकुरदास, धरमदास, काशीराम, रामकृपाल तनय छिदामी देशराज तनय मुन्नीलाल रैकवार | 76.15 | 152300 | 346761 | 499061 | 998122 |
| 14 | (आवादी) | 2011 | घनश्याम पिता हरिभदौरिया | 22.98 | 0 | 197839 | 197839 | 395678 |
| 15 | (आवादी) | 2011 | मानवेन्द्र तनय हरिचरण कुशवाहा | 45.31 | 0 | 424102 | 424102 | 848204 |
| 16 | (आवादी) | 2011 | राकेश तनय हरिचरण कुशवाहा | 34.16 | 0 | 399030 | 399030 | 798060 |
| 17 | (आवादी) | 2011 | अच्छेलाल तनय बाबूलाल कुशवाहा | 36.88 | 0 | 314545 | 314545 | 629090 |
| 18 | (आवादी) | 2011 | विन्द्रावन तनय बाबूलाल कुशवाहा | 29.06 | 0 | 291536 | 291536 | 583072 |
| 19 | (आवादी) | 2011 | मंदिर कारसदेव पुजारी कालीचरण तनय सुक्के भदौरिया | 80.84 | 0 | 464586 | 464586 | 929172 |
| 20 | (आवादी) | 2011 | रामकृपाल पिता छिदामी रैकवार | 21.38 | 0 | 218076 | 218076 | 436152 |
| 21 | (आवादी) | 2011 | काशीराम पिता छिदामी रैकवार | 19.08 | 0 | 218076 | 218076 | 436152 |
| 22 | (चरोखर) | 2010 | गनपद पिता जगन काछी | 74.82 | 0 | 175154 | 175154 | 350308 |
| 23 | (आवादी) | 2011 | अरूण कुमार तनय सरजू प्रसाद यादव | 55.09 | 0 | 875138 | 875138 | 1750276 |
| 24 | (आवादी) | 2011 | देशराज तनय मुन्नी रैकवार | 14.08 | 0 | 231233 | 231233 | 462466 |
| 25 | (आवादी) | 2011 | लखनलाल तनय द्वारका प्रसाद मिश्रा | 65.23 | 0 | 258509 | 258509 | 517018 |
| 26 | (आवादी) | 2011 | कमलेश तनय द्वारका प्रसाद मिश्रा | 16.20 | 0 | 585355 | 585355 | 1170710 |
| 27 | (आवादी) | 2011 | राजाराम तनय सुखलाल रैकवार | 121.72 | 0 | 180662 | 180662 | 361324 |
| 28 | (बंजर) | 2022 | मथरा प्रसाद तनय मुलू यादव | 50.74 | 0 | 937188 | 937188 | 1874376 |
| 29 | (बंजर) | 2022 | रामदास भज्जू धूराम तनय परमलाल रैकवार | 18.20 | 0 | 283590 | 283590 | 567180 |
| 30 | (बंजर) | 2022 | सुन्नू पत्नी उमराव कुशवाहा | 35.63 | 0 | 54600 | 54600 | 109200 |
| 31 | (बंजर) | 2022 | रमेशचन्द्र तनय सीताराम कुशवाहा | 26.98 | 0 | 176898 | 176898 | 353796 |
| 32 | (बंजर) | 2022 | मनीराम तनय रामदयाल कुशवाहा | 59.88 | 0 | 99286 | 99286 | 198572 |
| 33 | (शासकीय) | 2023 | रामकृपाल, मुकेश तनय ठाकुरदास रैकवार | 43.60 | 0 | 329810 | 329810 | 659620 |
| 34 | (बंजर) | 2063/2 | संध्या पत्नी मोनी कुशवाहा | 18.88 | 0 | 273931 | 273931 | 547862 |
| 35 | (बंजर) | 2063/2 | रमेश तीरथ लाल तनय धरमदास रैकवार | 31.70 | 0 | 71251 | 71251 | 142502 |
| योगः- | | | 35 | 1933.75 | 1465780 | 14273647 | 15739427 | 31478854 |

(2) उपमुख्य अभियंता (निर्माण-1) उत्तर मध्य रेलवे झाँसी उ.प्र. को झांसी-खैरार-मानिकपुर व खैरार भीमसेन दोहरीकरण रेल लाईन परियोजना निर्माण हेतु सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है।
(3) भूमि/भवन/परिसम्पतियों के नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं भू-अर्जन अधिकारी नौगांव के कार्यालय में किया जा सकता है।

मध्य प्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(पार्थ जैसवाल)
कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव
म0प्र0 शासन राजस्व विभाग,जिला छतरपुर

505/25 (AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

## संपादकीय

# अपनी ही आग में झुलस रहा पाकिस्तान

पाकिस्तान इन दिनों अपनी ही आग में झुलस रहा है। उधर बलूचिस्तान प्रांत में उसे बलूच विद्रोहियों से कड़ी चुनौती मिल रही है, तो इधर पाक सेना के तैयार किए आतंकवादियों को निशाना बनाया जाने लगा है। लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष कमांडर जिया-उर-रहमान की पाकिस्तान में हत्या इस बात का संकेत है कि आतंकवाद खुद पाकिस्तान के लिए नासूर बन चुका है। छिपी बात नहीं है कि पाकिस्तानी सेना और खुफिया एजंसी आइएसआइ आतंकवादी संगठनों को इस इरादे से संरक्षण देते रहे हैं कि उनके जरिए भारत में अशांति फैलाई जा सके। मगर वही आतंकी अब उसके लिए मुश्किलें खड़ी करने लगे हैं। तमाम सबूतों से जाहिर है कि लश्कर जैसे आतंकी संगठनों के नेताओं को वहां की सरकार कड़े पहरे और सुरक्षा घेरे में रखती है। जिन संगठनों और आतंकियों को विश्व भर में प्रतिबंधित किया जा चुका है, उन्हें भी वह पोसती है। छिपी बात नहीं है कि हाफिज सईद ने भारत में अनेक आतंकी हमलों की साजिश रची थी, पर पाकिस्तानी हुकूमत इसे मानने को तैयार नहीं। उसने हाफिज को कड़ा सुरक्षा घेरा मुहैया करा रखा है। ताजा घटना में मारा गया जिया-उर-रहमान हाफिज का खास कमांडर था और उसे भी पाकिस्तानी सेना ने कड़ी सुरक्षा दे रखी थी। खबर है कि जिया-उर-रहमान के मारे जाने के बाद पाकिस्तान सरकार के माथे पर बल पड़ गए हैं। वहां की सेना ने हाफिज सईद की सुरक्षा बढ़ा दी है। रहमान जम्मू-कश्मीर में अनेक आतंकी गतिविधियों का साजिशकर्ता था। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा एजंसी ने उसे वांछितों की सूची में डाल रखा था। मगर पाकिस्तानी सेना की कड़ी सुरक्षा में सेंध लगा कर अगर रहमान को मार डाला गया, तो जाहिर है, वहां ऐसे संगठन तैयार हो चुके हैं, जो सरकारी सुरक्षा वाले आतंकी संगठनों को चुनौती देने लगे हैं। भारत लगातार कहता और सबूत पेश करता रहा है कि पाकिस्तान दहशतगर्दी का कारखाना बन चुका है। मगर उस पर कभी गंभीरता से अंकुश लगाने की अंतरराष्ट्रीय कोशिश नहीं हुई। पहले अमेरिका उसके दहशतगर्दों का बचाव करता था, अब चीन करने लगा है। जब भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान पर प्रतिबंध लगाने की बात उठती है, तो चीन अपने विशेषाधिकार का इस्तेमाल कर उसे बचा लेता है। इसलिए कि पाकिस्तान से उसके स्वार्थ जुड़े हैं। मगर पाकिस्तान खुद यह समझना नहीं चाहता कि आतंकवाद को पोसने का खमियाजा सबसे अधिक उसे ही उठाना पड़ रहा है। इसी महीने आई विश्व आतंकवाद से संबंधित रपट में खुलासा हुआ कि दुनिया में सबसे अधिक आतंकवाद से प्रभावित देश पाकिस्तान है। पाकिस्तान इन दिनों सबसे खराब माली हालत से गुजर रहा है।

वहां शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सेवाएं बुरी तरह चरमरा चुकी हैं। वहां की आम अवाम आटे-दाल के लिए संघर्ष कर रही है। मगर पाकिस्तानी हुकूमत का ध्यान मुल्क की माली हालत बेहतर करने के बजाय चीन की इमदाद पर अधिक है। इसका तीखा विरोध उसे बलूचिस्तान प्रांत में झेलना पड़ रहा है।

**ट्रम्प प्रशासन अमेरिका में विभिन्न उत्पादों के हो रहे आयात पर टैरिफ की दरों को बढ़ा रहा है क्योंकि इन देशों द्वारा अमेरिका से आयात पर ये देश अधिक मात्रा में टैरिफ लगाते हैं। चीन, कनाडा एवं मेक्सिको से अमेरिका में होने वाले विभिन्न उत्पादों के आयात पर तो टैरिफ को बढ़ा भी दिया गया है। इसी प्रकार भारत के मामले में भी ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि भारत, अमेरिका से आयातित कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाता है अतः अमेरिका भी भारत से आयात किए जा रहे कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत का टैरिफ लगाएगा।**

# ट्रम्प प्रशासन द्वारा टैरिफ सम्बंधी लिए जा रहे निर्णयों का भारत पर प्रभाव

(प्रह्लाद सबनानी)

यदि अमेरिका अपने देश में हो रहे उत्पादों के आयात पर टैरिफ में लगातार वृद्धि करता है तो यह उत्पाद अमेरिका में बहुत महंगे हो जाएंगे और इससे अमेरिकी नागरिकों पर मुद्रा स्फीति का दबाव बढ़ेगा। क्या अमेरिकी नागरिक इस व्यवस्था को लम्बे समय तक सहन कर पाएंगे।

अमेरिका में दिनांक 20 जनवरी 2025 को नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा ली गई शपथ के उपरांत ट्रम्प प्रशासन आर्थिक एवं अन्य क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण फैसले बहुत तेज गति से ले रहा है। इससे विश्व के कई देश प्रभावित हो रहे हैं एवं कई देशों को तो यह भी समझ में नहीं आ रहा है कि अंततः आगे आने वाले समय में इन फैसलों का प्रभाव इन देशों पर किस प्रकार होगा।

ट्रम्प प्रशासन अमेरिका में विभिन्न उत्पादों के हो रहे आयात पर टैरिफ की दरों को बढ़ा रहा है क्योंकि इन देशों द्वारा अमेरिका से आयात पर ये देश अधिक मात्रा में टैरिफ लगाते हैं। चीन, कनाडा एवं मेक्सिको से अमेरिका में होने वाले विभिन्न उत्पादों के आयात पर तो टैरिफ को बढ़ा भी दिया गया है। इसी प्रकार भारत के मामले में भी ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि भारत, अमेरिका से आयातित कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाता है अतः अमेरिका भी भारत से आयात किए जा रहे कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत का टैरिफ लगाएगा। इस संदर्भ में हालांकि केवल भारत का नाम नहीं लिया गया है बल्कि 'टिट फोर टेट' एवं 'रेसिप्रोकल' आधार पर कर लगाने की बात की जा रही है और यह समस्त देशों से अमेरिका में हो रहे आयात पर लागू किया जा सकता है एवं इसके लागू होने की दिनांक भी 2 अप्रेल 2025 तय कर दी गई है। इस प्रकार की नित नई घोषणाओं का असर अमेरिका सहित विभिन्न देशों के पूंजी (शेयर) बाजार पर स्पष्टतः दिखाई दे रहा है एवं शेयर बाजारों में डर का माहौल बन गया है।

अमेरिका में उपभोक्ता आधारित उत्पादों का आयात अधिक मात्रा में होता है और अब अमेरिका चाहता है कि इन उत्पादों का उत्पादन अमेरिका में ही प्रारम्भ हो ताकि इन उत्पादों का अमेरिका में आयात कम हो सके। दक्षिण कोरीया, जापान, कनाडा, मेक्सिको आदि जैसे देशों की अर्थव्यवस्था केवल कुछ क्षेत्रों पर ही टिकी हुई है अतः इन देशों पर अमेरिका में बदल रही नीतियों का अधिक विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। जबकि भारत एक विविध प्रकार की बहुत बड़ी अर्थव्यवस्था है, अतः भारत को कुछ क्षेत्रों में यदि नुक्सान होगा तो कुछ क्षेत्रों में लाभ भी होने की प्रबल सम्भावना है। संभवतः



अमेरिका ने भी अब यह एक तरह से स्वीकार कर लिया है कि भारत के कृषि क्षेत्र को टैरिफ युद्ध से बाहर रखा जा सकता है, क्योंकि भारत के किसानों पर इसका प्रभाव विपरीत रूप से पड़ता है। और, भारत यह किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगा कि भारत के किसानों को नुक्सान हो। डेरी उत्पाद एवं समुद्रीय उत्पादों में भी आवश्यक खाने पीने की वस्तुएं शामिल हैं। भारत अपने देश में इन उत्पादों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उद्देश्य से इन उत्पादों के आयात पर टैरिफ लगाता है, ताकि अन्य देश सस्ते दामों पर इन उत्पादों को भारत के बाजार में डम्प नहीं कर सकें। साथ ही, भारत में मिडल क्लास की मात्रा में वृद्धि अभी हाल के कुछ वर्षों में प्रारम्भ हुई है अतः यह वर्ग देश में उत्पादित सस्ती वस्तुओं पर अधिक निर्भर है, यदि इन्हें आयातित महंगी वस्तुएं उपलब्ध कराई जाती हैं तो वह इन्हें सहन नहीं कर सकता है। अतः यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह अपने नागरिकों को सस्ते उत्पाद उपलब्ध करवाए। अन्यथा, यह वर्ग एक बार पुनः गरीबी रेखा के नीचे आ जाएगा। भारत ने मुद्रा स्फीति को भी कूटनीति के आधार पर नियंत्रण में रखने में सफलता प्राप्त की है। रूस, ईरान, अमेरिका, इजराईल, चीन, अरब समूह आदि देशों के साथ अच्छे सम्बंध रखकर विदेशी व्यापार करने में सफलता प्राप्त की है। जहां से भी जो वस्तु सस्ती मिलती है भारत उस देश से उस वस्तु का आयात करता है। इसी नीति पर चलते हुए, कच्चे तेल के आयात के मामले में भी भारत ने विभिन्न देशों से भारी मात्रा में छूट प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की है और ईंधन के दाम भारत में पिछले लम्बे समय से स्थिर बनाए रखने में सफलता मिली है।

अमेरिका द्वारा चीन, कनाडा एवं मेक्सिको पर लगाए गए टैरिफ के बढ़ाने के पश्चात इन देशों द्वारा भी अमेरिका से आयातित कुछ उत्पादों पर टैरिफ लगा दिए जाने के उपरांत अब विभिन्न देशों के बीच व्यापार युद्ध एक सच्चाई बनता जा रहा है। परंतु, क्या इसका असर भारत के विदेशी व्यापार पर भी पड़ने जा रहा है अथवा क्या कुछ ऐसे क्षेत्र भी ढूंढे जा सकते हैं जिनमें भारत लाभप्रद स्थिति में आ सकता है। जैसे, अपैरल (सिले हुए कपड़े) एवं नान अपैरल टेक्सटायल का मेक्सिको से अमेरिका को निर्यात प्रतिवर्ष लगभग 450 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहता है और मेक्सिको का अमेरिका को निर्यात के मामले में 8वां स्थान है। अमेरिका द्वारा मेक्सिको से आयात पर टैरिफ लगाए जाने के बाद टेक्सटायल से सम्बंधित उत्पाद अमेरिका में महंगे होने लगेंगे अतः इन उत्पादों का आयात अब अन्य देशों से किया जाएगा। मेक्सिको अमेरिका को 250 करोड़ अमेरिकी डॉलर के कॉटन अपैरल का निर्यात करता है एवं 150 करोड़ अमेरिकी डॉलर के नान कॉटन अपैरल का निर्यात करता है। कॉटन अपैरल के आयात के लिए अब अमेरिकी व्यापारी भारत की ओर देखने लगे हैं एवं इस संदर्भ में भारत के निर्यातकों के पास पूछताछ की मात्रा में वृद्धि देखी जा रही है। इन परिस्थितियों के बीच, टेक्स्टायल उद्योग के साथ ही, फार्मा क्षेत्र, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र, इंजीयरिंग क्षेत्र एवं श्रम आधारित उद्योग जैसे क्षेत्रों में भी भारत को लाभ हो सकता है।

यदि अमेरिका अपने देश में हो रहे उत्पादों के आयात पर टैरिफ में लगातार वृद्धि करता है तो यह उत्पाद अमेरिका में बहुत महंगे हो जाएंगे और इससे अमेरिकी नागरिकों पर मुद्रा स्फीति का दबाव बढ़ेगा। क्या अमेरिकी नागरिक इस व्यवस्था को लम्बे समय तक सहन कर पाएंगे। उदाहरण के तौर पर फार्मा क्षेत्र में भारत से जेनेरिक्स दवाईयों का निर्यात भारी मात्रा में होता है। यदि अमेरिका भारत के उत्पादों पर टैरिफ लगाता है तो इससे अधिक नुक्सान तो अमेरिकी नागरिकों को ही होने जा रहा है। भारत से आयात की जा रही सस्ती दवाएं अमेरिका में बहुत महंगी हो जाएंगी। इससे अंततः अमेरिकी नागरिकों के बीच असंतोष फैल सकता है। अतः अमेरिका के ट्रम्प प्रशासन के लिए टैरिफ को लम्बे समय तक बढ़ाते जाने की अपनी सीमाएं हैं।

अमेरिका विश्व का सबसे पुराना लोकतंत्र एवं सबसे बड़ा विकसित देश है और इस नाते अन्य देशों के प्रति अमेरिका की जवाबदारी भी है। टैरिफ बढ़ाए जाने के सम्बंध में इक तरफा कार्यवाही अमेरिका की अन्य देशों के साथ सौदेबाजी की क्षमता तो बढ़ा सकती है परंतु यह कूटनीति लम्बे समय तक काम नहीं आ सकती है। अमेरिकी नागरिकों के साथ साथ अन्य देशों में भी असंतोष फैलेगा। कोई भी व्यापारी नहीं चाहता कि नीतियों में अस्थिरता बनी रहे। इसका सीधा सीधा असर विश्व के समस्त स्टॉक मार्केट पर विपरीत रूप से पड़ता हुआ दिखाई भी दे रहा है। यदि यह स्टॉक मार्केट के अतिरिक्त अन्य बाजारों एवं नागरिकों के बीच में भी फैला तो मंदी की सम्भावनाओं को भी नकारा नहीं जा सकता है। अमेरिका के साथ साथ अन्य कई देश भी मंदी की चपेट में आए बिना नहीं रह पाएंगे। अर्थात, इस प्रकार की नीतियों से विश्व के कई देश विपरीत रूप में प्रभावित होंगे। अमेरिका को भी टैरिफ के संदर्भ में इस बात पर एक बार पुनः विचार करना होगा कि विकसित देशों पर तो टैरिफ लगाया जा सकता है क्योंकि अमेरिका एवं इन विकसित देशों में परिस्थितियां लगभग समान है। परंतु विकासशील देशों जैसे भारत आदि में भिन्न परिस्थितियों के बीच तुलनात्मक रूप से अधिक परेशानियों का सामना करते हुए विनिर्माण क्षेत्र में कार्य हो रहा है, अतः विकसित देशों एवं विकासशील देशों को एक ही तराजू में कैसे तौला जा सकता है। विकासशील देशों ने तो अभी हाल ही में विकास की राह पर चलना शुरू किया है और इन देशों को अपने करोड़ों नागरिकों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाना है। इनके लिए विकसित देश बनने में अभी लम्बा समय लगना है। अतः विकसित देशों को इन देशों को विशेष दर्जा देकर इनकी आर्थिक मदद करने के लिए आगे आना चाहिए। अमेरिका को विकसित देश बनने में 100 वर्ष से अधिक का समय लग गया है और फिर विकासशील देशों के साथ इनकी प्रतिस्पर्धा कैसे हो सकती है। विकासशील देशों को अपनी अर्थव्यवस्था को बचाने का अधिकार है, अतः विकासशील देश तो टैरिफ लगा सकते हैं परंतु विकसित देशों को इस संदर्भ में पुनर्विचार करने की आवश्यकता है।

# दुनिया के सबसे रहस्यमयी खजाने, जो खोजने गया कभी लौटकर नहीं आया



(धर्मेंद्र सिंह)

दुनिया में हर व्यक्ति चाहता है कि उसके पास धन-दौलत, हीरे-जवाहरात और सोना-चांदी हो। इतिहास में कई ऐसे राजा-महाराजा था जिनका खजाना इन चीजों से भरा हुआ था। हालांकि, उनकी मौत के बाद यह नहीं पता चल पाया कि उनका खजना कहां पर है। कई लोग इन खजानों की तलाश में आज भी लगे रहते हैं। आज हम आपको अपनी खबर में दुनिया के ऐसे ही रहस्यमयी खजानों के बारे में बताते हैं जिनकी तलाश में अब तक कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

## द अंबर रूम

रूस में द अंबर रूम एक प्रसिद्ध महल था, जो सेंट पीटर्सबर्ग शहर के करीब स्थित था। द अंबर रूम कमरे की तरह एक चैंबर था, जिसका निर्माण साल 1707 में पर्शिया में किया गया था। यह पीटर द ग्रेट को रूस और पर्शिया के बीच शांति के तोहफे में मिला था। साल 1941 में द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान नाजियों ने इस पर कब्जा कर लिया और इसे सुरक्षित करने के लिए इसका अलग-अलग हिस्सों में बंटवारा कर दिया। इन सभी टुकड़ों को 1943 में एक म्युजियम में प्रदर्शित किया गया। यहां से पूरा द अंबर रूम लापता हो गया। इसके बाद से इस खजाने का आज तक कोई पता नहीं चल पाया।

## चंगेज खान का खजाना

मंगोल साम्राज्य की नींव रखने वाला चंगेज खान अपने शासन के दौरान दुनिया का सबसे प्रसिद्ध और महान योद्धा था। उस समय चंगेज खान ने करीब पूरी दुनिया पर जीत हासिल कर ली थी और खूब धन-दौलत इकट्ठा कर लिया था। सन 1227 में चंगेज खान की मौत हो गई। बताया जाता है कि एक अज्ञात जगह पर उसके शव और खजाने को दफनाया गया। कहा जाता है कि इस खजाने की खोज में जो भी गया, वह लौटकर नहीं आया।

## फॉरेस्ट फेन का खजाना

संयुक्त राज्य अमेरिका की वायु सेना में फॉरेस्ट फेन काम करता था और वह एक पायलट था। फॉरेस्ट फेन कीमती कलाकृतियों का व्यापारी था जिनकी कीमत अरबों डॉलर थी। साल 1980 में वह घातक बीमारी कैंसर की चपेट में आ गया, तो उसने अपने अरबों डॉलर के खजाने को कहीं पर छिपा दिया। उसने अपने खजाने को खोजने के लिए लोगों को कुछ संकेत दिए थे, लेकिन अभी तक उसके खजाने की तलाश में कई लोगों की मौत हो चुकी है।

## एल डोराडो का खजाना

इस खजाने की तलाश में कई लोगों की मौत हो गई है। बताया जाता है कि यह खजाना कोलंबिया की गुआटाविटा झील में दफन है। माना जाता है कि गुआटाविटा झील की तली में सोना फैला है। एक धार्मिक मान्यता है कि सैकड़ों साल पहले चिब्बा आदिवासी सूर्य की आराधना करते समय बहुत-सा सोना झील में फेंकते थे। सालों तक ऐसा करने की वजह से झील की तली में बड़ी मात्रा में सोना जमा हो गया। स्पेनिश लुटेरा फ्रांसिस्को पिजारो ने इस खजाने को लूटने की बहुत कोशिश की, लेकिन कामयाब नहीं हुआ।

## जेन लैफिट का खजाना

फ्रांस के रहने वाले जेन लैफिट और उसका भाई पियरे समुद्री डाकू थे। दोनों मेक्सिको की खाड़ी में हमला कर मर्चेंट जहाजों को लूटते थे। सन 1823 से 1830 के बीच लैफिट की मौत हो गई। उसकी मौत के बाद उसके खजाने को लेकर तरह-तरह की बात की जाने लगीं। बताया जाता है कि न्यू ऑरलियंस तट के आसपास कहीं उसका खजाना छिपाया गया है।

## ओक आइलैंड मनी पिट

ओक आइलैंड में अरबों का खजाना छिपा है, लेकिन आज तक कोई उसको खोज नहीं पाया। साल 1975 में कुछ बच्चों ने ओक आइलैंड में नोवा स्कोटिया के पास स्थित एक द्वीप पर रोशनी देखी। इसके बाद बच्चों ने वहां पर खुदाई की, तो उनको अंदर एक पत्थर का टुकड़ा मिला जिस पर लिखा था कि चालीस फीट नीचे 2 मिलियन पाउंड दफन हैं। इसके बाद इस खजाने की कई लोगों ने तलाश की।

# छोड़ दें नियंत्रण, यदि सब कुछ ईश्वरीय इच्छा के अनुसार हो रहा है, तो चिंता क्यों करें?

**एक व्यक्ति अपने पेशेवर जीवन में सफल होने की सावधानीपूर्वक योजना बनाता है, फिर भी एक अप्रत्याशित वैश्विक संकट उसकी महत्वाकांक्षाओं को चकनाचूर कर देता है। कोई व्यक्ति एक बेहतरीन रिश्ता बनाने के सभी प्रयास करता है, लेकिन रातों-रात उसे बिखरता हुआ देखता है। एक स्वास्थ्य-जागरूक व्यक्ति एक दिन जीवन बदलने वाली बीमारी से अचानक ग्रस्त हो जाता है। ऐसे में नियंत्रण का भ्रम टूट जाता है, और भय, हताशा और लाचारी रह जाती है। लेकिन, क्या नियंत्रण कभी वास्तव में हमारे हाथ में होता है?**

(अनन्या मिश्रा)

एक व्यक्ति अपने पेशेवर जीवन में सफल होने की सावधानीपूर्वक योजना बनाता है, फिर भी एक अप्रत्याशित वैश्विक संकट उसकी महत्वाकांक्षाओं को चकनाचूर कर देता है। कोई व्यक्ति एक बेहतरीन रिश्ता बनाने के सभी प्रयास करता है, लेकिन रातों-रात उसे बिखरता हुआ देखता है। यह दुनिया हमें स्थिर रहना सिखाती है। टिके रहना सिखाती है। अपनी योजनाओं पर टिके रहो। अपने सपनों पर अड़े रहो। अपनी इच्छाओं में लीन रहो। अपने नियंत्रण की भावना पर अडिग रहो। बचपन से ही हमें बताया जाता है कि सफलता प्रयास, रणनीति और जीवन को सही दिशा में ले जाने की क्षमता से मिलती है। लेकिन, हम वास्तव में कितना नियंत्रण करते हैं?

एक व्यक्ति अपने पेशेवर जीवन में सफल होने की सावधानीपूर्वक योजना बनाता है, फिर भी एक अप्रत्याशित वैश्विक संकट उसकी महत्वाकांक्षाओं को चकनाचूर कर देता है। कोई व्यक्ति एक बेहतरीन रिश्ता बनाने के सभी प्रयास करता है, लेकिन रातों-रात उसे बिखरता हुआ देखता है। एक स्वास्थ्य-जागरूक व्यक्ति एक दिन जीवन बदलने वाली बीमारी से अचानक ग्रस्त हो जाता है। ऐसे में नियंत्रण का भ्रम टूट जाता है, और भय, हताशा और लाचारी रह जाती है। लेकिन, क्या नियंत्रण कभी वास्तव में हमारे हाथ में होता है? या यह सिर्फ एक कहानी है जो हम स्वयं को सुनाते हैं?

मनोवैज्ञानिक इसे 'नियंत्रण का भ्रम' कहते हैं। यह एक संज्ञानात्मक पूर्वाग्रह है जहां लोग घटनाओं को प्रभावित करने की अपनी क्षमता को ज़्यादा आंकते हैं। लैंगर (1975) द्वारा किए गए शोध में पाया गया कि लोगों का मानना है कि वे परिणामों को नियंत्रित कर सकते हैं, भले ही परिणाम पूरी तरह से यादृच्छिक हों। यह भ्रम सुरक्षा का झूठा एहसास देता है। कल्पना कीजिए कि सांप-सीढ़ी का खेल खेलते समय एक बच्चा पासा फेंकता है, यह मानते हुए कि इससे परिणाम प्रभावित हो सकता है- वह जीत सकता है या हार भी सकता है। एक शेयर व्यापारी मानता है कि उसकी भविष्यवाणियां हमेशा सच होंगी- जबकि यह सत्य नहीं है। एक व्यक्ति एक विषाक्त रिश्ते में अपनी ऊर्जा व्यय करता रहता है, यह मानते हुए कि वह अपने साथी को बेहतर बना सकता है। मन लगातार नियंत्रण चाहता है, तब भी जब वास्तविकता उसकी समझ से परे हो।

लेकिन, नियंत्रण थका देने वाला होता है। यह चिंता को बढ़ाता है। जब चीजें हमारे हिसाब से नहीं होती हैं, तो हम पीड़ित होते हैं। जितना अधिक हम अनिश्चितता का विरोध करते हैं, उतना ही अधिक हम संघर्ष करते हैं। प्राचीन ज्ञान बताता है कि नियंत्रण समर्पण- 'शरणागति' सिखाता है। भगवद्गीता (18.66) गहन मार्गदर्शन प्रदान करती है:-

'सर्वधर्मान्परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज। अहं त्वां सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः॥'

अर्थात, श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि सभी कर्तव्यों का परित्याग कर दो और केवल मेरी शरण में आओ। मैं तुम्हें सभी पापों से मुक्त कर दूंगा; शोक मत करो।

यह निष्क्रिय त्याग के बारे में नहीं है। यह व्यक्तिगत नियंत्रण से परे एक गहन व्यवस्था को पहचानने के बारे में है। एक ऐसा ज्ञान जो मानवीय गणनाओं से परे कार्य करता है। अरुणाचल के रमण महर्षि अक्सर पूछते थे- 'यदि सब कुछ ईश्वरीय इच्छा के अनुसार हो रहा है, तो चिंता क्यों करें?' हम कर्म करते हैं, लेकिन हम परिणामों को निर्धारित नहीं करते हैं। वर्षा होती है, लेकिन हम उसे आदेश नहीं देते हैं। हृदय धड़कता है, लेकिन हम उसे नियंत्रित नहीं करते हैं। जब हम इसे समझ लेते हैं, तो समर्पण अब कमजोरी नहीं रह जाता है। यह स्वतंत्रता है।

आधुनिक मनोविज्ञान इस ज्ञान को प्रतिध्वनित करता है। मौलिक स्वीकृति, द्वंद्वात्मक व्यवहार चिकित्सा की एक अवधारणा, प्रतिरोध के बिना वास्तविकता की पूर्ण स्वीकृति सिखाती है। इस अवधारणा की अगुआई करने वाली डॉ. मार्शा लाइनहन बताती हैं- मौलिक स्वीकृति वास्तविकता से लड़ने से दूर रहना है। यह मात्र स्वीकृति नहीं है, बल्कि यह पहचानना है कि जो है उससे लड़ने से केवल दुख ही मिलता है। शोध से पता चलता है कि जो इसका अभ्यास करते हैं, वे कम तनाव, बेहतर मानसिक स्वास्थ्य और अधिक अनुकुलनशीलता का अनुभव करते हैं।

इसी प्रकार, ऑरजेक एटअल. (2009) द्वारा किए गए एक अध्ययन में, उन्होंने वास्तविकता का विरोध करने के बजाय उसे स्वीकार किया, उनमें भावनात्मक रूप से बेहतर स्वास्थ्य दिखा। अर्थात, समर्पण का मतलब हार मान लेना नहीं है। इसका मतलब है बिना लगाव के काम करना। एक डॉक्टर एक मरीज का इलाज करता है, लेकिन जीवन की 'गारंटी' नहीं दे सकता। एक शिक्षक ज्ञान तो देता है, लेकिन सफलता सुनिश्चित नहीं कर सकता। एक पर्वतारोही पूरी मेहनत से चढ़ता है, लेकिन पहाड़ के अंतिम निर्णय को स्वीकार करता है। एक नदी कभी प्रतिरोध नहीं करती। वह बहती है। गंगा गंगोत्री से निकलती है, मैदानों से होकर गुजरती है, दूसरी नदियों में मिल जाती है और अंत में समुद्र में विलीन हो जाती है। यह अपने मार्ग पर प्रश्न नहीं उठाती। यह बाधाओं का विरोध नहीं करती। यदि कोई चट्टान इसका रास्ता रोकती है, तो यह उसके चारों ओर बहती है। यदि यह सूखे का सामना करती है, तो यह धीरे-धीरे आगे बढ़ती है। यदि यह बाढ़ आती है, तो यह फैलती है।

जीवन ऐसा ही है। हम बचपन, वयस्कता, सफलता, असफलता, खुशी और दुख से गुजरते हैं। समस्या यह है कि हम यात्रा का केवल एक हिस्सा चाहते हैं। हम सफलता चाहते हैं, असफलता नहीं। प्रेम चाहते हैं, दिल टूटना नहीं। स्वास्थ्य चाहते हैं, बीमारी नहीं। हम चाहते हैं कि जीवन की नदी स्थिर रहे। लेकिन नदियाँ रुकती नहीं हैं। जीवन रुकता नहीं है। समर्पण जीवन के साथ बहना है, इसके खिलाफ नहीं। तो आकांक्षाओं को जब हम जाने देते हैं तो क्या होता है?

एक विरोधाभास उभरता है। जिस क्षण हम जबरदस्ती करना बंद कर देते हैं, जीवन बेहतर तरीके से चलने लगता है। ऐसे में दूसरों को प्रभावित करने के लिए बहुत अधिक प्रयास करने वाला व्यक्ति तब असली आत्मविश्वास प्राप्त करता है जब वह दिखावा करना बंद कर देता है। पूर्णता के लिए संघर्ष करने वाला गायक का सबसे अच्छा प्रदर्शन तब होता है जब वह जाने देता है। सत्य की खोज करने वाला आध्यात्मिक साधक तब यह महसूस करता है कि सत्य स्वयं को प्रयास में नहीं, बल्कि शांति में प्रकट करता है। उपनिषद कहते हैं:-

'यदा पञ्चावतिष्ठन्ते ज्ञानानि मनसा सह।'

अर्थात, जब पांचों इन्द्रियां मन के साथ विश्राम करती हैं, और बुद्धि अपनी गति बंद कर देती है - तब सर्वोच्च अवस्था प्राप्त होती है। तब प्राप्त होती है शांति। समर्पण। स्वतंत्रता। हाल ही में, हमने होली मनाई। होलिका को लगता था कि वह भाग्य को नियंत्रित करती है। उसे विश्वास था कि उसकी शक्तियां उसे आग से बचाएंगी। लेकिन, अहंकार जलता है। वह नष्ट हो गई, जबकि प्रह्लाद, जिसने ईश्वर के सामने आत्मसमर्पण कर दिया, वह सुरक्षित निकल आया।

जीवन भी ऐसा ही करता है। जितना अधिक हम समझते हैं, उतना ही हम जलते हैं। जितना अधिक हम भरोसा करते हैं, उतना ही हम हल्के होते जाते हैं। समर्पण निष्क्रिय नहीं है। यह वास्तविकता की सक्रिय स्वीकृति है। हम प्रवाह से अलग नहीं हैं।

## न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया के साथ होने वाली टी20 सीरीज के लिए टीम घोषित की

### डिवाइन-केर की वापसी




**ऑकलैंड, एजेंसी।** न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम के साथ होने वाली टी-20 सीरीज के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। स्वास्थ्य लाभ को लेकर अवकाश पर गई सोफी डिवाइन और आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर मेली केर की टीम में वापसी हुई हैं। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार टीम में सूजी बेट्स को चुना गया है। बेट्स टी-20 सीरीज में 33 की औसत और 112.50 की स्ट्राइक रेट से 99 रन बनाए और शीर्ष स्कोरर रहीं। पिछले वर्ष महिला टी-20 विश्वकप के बाद डिवाइन के पद छोड़ने के फैसले के बाद बेट्स अंतरिम कप्तान के रूप में टीम की अगुआई करना जारी रखेंगी। हैमस्ट्रिंग की चोट से उबरने के बाद तेज गेंदबाज ली ताहुहू और बल्लेबाज बेला जेम्स की भी क्वाड्रिसेप स्ट्रेन के बाद टीम में वापसी हुई हैं। टी-20 विश्वकप चैंपियन शुक्रवार को ईडन पाक में ऑकलैंड, टौरंगा और वेलिंगटन में तीन टी-20 मैचों में ट्रांस-तस्मान प्रतिद्वंद्वियों से मुकाबला करेगी। टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा, 'हम इस सीरीज के लिए सोफ, मेली और ली को वापस पाकर रोमांचित हैं, वे टीम में अमूल्य अनुभव और नेतृत्व लेकर आए हैं। अपनी वापसी पर डिवाइन ने कहा, 'कुछ समय के लिए खुद को फिर से स्थापित करना और फिर से ध्यान केंद्रित करना अच्छा रहा। मैं लड़कियों के साथ फिर से खेलने के लिए वास्तव में उत्सुक हूं। न्यूजीलैंड 21 मार्च को ऑकलैंड के ईडन पार्क में अपना पहला मैच ऑस्ट्रेलिया से खेलेगा।

**न्यूजीलैंड महिला टीमः** - सुजी बेट्स (कप्तान), ईडन कार्सन, सोफी डिवाइन, मैडी ग्रीन, ब्रुक हॉलिडे, पोली इंगलिस, बेला जेम्स, फ्रैन जोनास, जेस केर, मेली केर, रोजमेरी मैयर, जॉर्जिया प्लिमर और ली ताहुहु।

## इंडियन क्रिकेटर्स को फैमिली से जुड़े नियमों में राहत नहीं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 16 मार्च को विराट कोहली ने परिवार को ज्यादा समय तक साथ रखने की बात कही थी। उन्होंने कहा, मुश्किल दौर से गुजर रहे प्लेयर्स के लिए परिवार वाले संतुलन लाते हैं। कोहली के बयान का पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव ने भी समर्थन किया था। खास सिचुएशन में ही इस फैसले को बदला जाएगा सचिव ने कहा, इस मामले में किसी भी तरह के बदलाव पर केवल फॉर्मल प्रोसेस के माध्यम से ही विचार किया जाएगा। विदेश दौरों के दौरान खिलाड़ियों के साथ परिवार के रहने की अवधि बढ़ा दी गई है। लेकिन इसमें कुछ खास परिस्थितियों में ही ढील दी जाएगी। नियम सभी लोगों पर सामान रूप से लागू सैकिया बोर्ड सचिव सैकिया ने क्रिकबज से कहा, बीसीसीआई मानता है कि लोगों की अलग-अलग राय हो सकती है, क्योंकि लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोगों को अपने विचार व्यक्त करने का अधिकार है। हमारी नीति सभी टीम सदस्यों - खिलाड़ियों, कोच, प्रबंधकों, सहायक कर्मचारियों और इसमें शामिल सभी लोगों पर समान रूप से लागू होती है। सभी के हितों को ध्यान में रखते हुए इसे लागू किया गया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह नीति हाल ही में नहीं बनाई गई है और न ही इसे अचानक पेश किया गया है। यह नीति रातोंरात तैयार नहीं की गई है। यह दशकों से लागू है, हमारे अध्यक्ष रोजर बिन्नी के खेलने के दिनों से यह लागू की गई थी। नई नीति पिछली नीति का संशोधन है, जिसमें प्रैक्टिस मैच, मैच शेड्यूल, दौरे, सामान, टीम की आवाजाही और अन्य गतिविधियों में खिलाड़ियों की उपस्थिति के बारे में बताया गया है। इसका उद्देश्य टीम की एकजुटता और एकता है।

# अदाणी और पीजीटीआई लॉन्च करेंगे इनविटेशनल गोल्फ चैंपियनशिप



**अहमदाबाद, एजेंसी।** अदाणी ग्रुप अब भारतीय प्रोफेशनल गोल्फ में अपनी शुरुआत करने जा रहा है। इस मकसद से अदाणी समूह अदाणी इनविटेशनल गोल्फ चैंपियनशिप 2025 का आयोजन किया जा रहा है, जिसे भारत में पुरुषों की प्रोफेशनल गोल्फ की आधिकारिक संस्था पीजीटीआई के साथ मिलकर आयोजित किया जाएगा। इस टूर्नामेंट का उद्देश्य गोल्फ को अधिक लोगों तक पहुँचाना, इसे मेनस्ट्रीम स्पोर्ट में शामिल करना और नए भारतीय गोल्फ चैंपियन तैयार करना है।

यह इनॉगरल टूर्नामेंट, जिसमें 1.5 करोड़ की पुरस्कार राशि होगी, 1 से 4 अप्रैल 2025 के बीच जेपी ग्रीन्स गोल्फ एंड स्पा रिजॉर्ट, ग्रेटर नोएडा में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन के साथ 11 वर्षों के बाद पीजीटीआई अपनी वापसी करेगा। अदाणी एंटरप्राइज़ लिमिटेड के डायरेक्टर, प्रणव अदाणी ने कहा,हमें कपिल देव और पीजीटीआई के साथ मिलकर भारतीय प्रोफेशनल गोल्फ को आगे बढ़ाने का अवसर मिला है। हमारा लक्ष्य भारत से विश्व स्तरीय गोल्फ चैंपियन तैयार करना है। हम इस खेल को अधिक सुलभ बनाने, ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने और खिलाड़ियों को बेहतरीन ट्रेनिंग एवं खेलने के अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अध्यक्ष और क्रिकेट लीजेंड, कपिल देव ने अदाणी इनविटेशनल गोल्फ चैंपियनशिप 2025 के लॉन्च के साथ भारत में पेशेवर गोल्फ को समर्थन देने के लिए अदाणी ग्रुप का धन्यवाद करते हुए कहा,दुनिया के प्रमुख बिज़नेस ग्रुप, अदाणी ग्रुप का सहयोग पीजीटीआई को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। इससे भारत में और अधिक बेहतरीन गोल्फ खिलाड़ी तैयार होंगे, जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करेंगे। मुझे उम्मीद है कि इस टूर्नामेंट के दौरान बड़ी संख्या में दर्शक अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को खेलते देखने आएंगे। अदाणी इनविटेशनल गोल्फ चैम्पियनशिप 2025 को पीजीटीआई के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बताते हुए, पीजीटीआई के सीइओ श्री अमनदीप जोहल ने कहा,यह एसोसिएशन दौरे के कद को बढ़ाएगा। हम अदाणी ग्रुप के आभारी हैं, जिन्होंने भारतीय प्रोफेशनल्स के लिए खेल के अधिक अवसर पैदा करने के पीजीटीआई के विजन को समझा और हमारे खिलाड़ियों के लिए अधिक अवसर उपलब्ध कराए। आकर्षक पुरस्कार राशि, जयपी ग्रीन्स गोल्फ एंड स्पा रिजॉर्ट में बेहतरीन खेल सुविधाओं और खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाले शीर्ष खिलाड़ियों के साथ, अदाणी इनविटेशनल गोल्फ चैंपियनशिप 2025 एक रोमांचक और यादगार गोल्फ प्रतियोगिता होने की उम्मीद है। 29 मार्च 2025 को बेल्वेडियर गोल्फ एंड कंट्री क्लब, अहमदाबाद में एक प्री-टूर्नामेंट इवेंट आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर पीजीटीआई के 5 प्रमुख प्रोफेशनल गोल्फर एक गोल्फ क्लिनिक का संचालन करेंगे, जहां अदाणी इंटरनेशनल स्कूल के 50 बच्चों को गोल्फ की बुनियादी जानकारी दी जाएगी।

इस आयोजन में पीजीटीआई अध्यक्ष और क्रिकेट लीजेंड कपिल देव भी मौजूद रहेंगे और अदाणी ग्रुप व पीजीटीआई की साझा गोल्फ विकास योजना के बारे में बताएंगे, ताकि गोल्फिंग प्रतिभा विकसित की जा सके और भारतीय गोल्फ को आगे बढ़ाया जा सके। अदाणी ग्रुप और पीजीटीआई मिलकर बेल्वेडियर गोल्फ एंड कंट्री क्लब, अहमदाबाद में एक गोल्फ ट्रेनिंग अकादमी भी शुरू करेंगे। यह अकादमी भारत में नए गोल्फ खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने और इस खेल को और अधिक लोकप्रिय बनाने में मदद करेगी।

आईपीएल

# पंजाब किंग्स जीत के साथ करना चाहेगी आईपीएल की शुरुआत, हेड कोच बोले-टीम पूरी तरह से तैयार



**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब किंग्स का इन दिनों अपने होम ग्राउंड मुल्लांपुर स्टेडियम में कैंप लगा हुआ है, जहां टीम के खिलाड़ी अभ्यास करने में जुटे हुए है। अभ्यास सत्र से पहले प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें हेड कोच ने कहा कि इस आईपीएल की शुरुआत जीत के साथ करना चाहेंगे। पंजाब किंग्स टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण हैं और टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में किसी भी टीम को चुनौती देने का दम खम रखती है। यह कहना है टीम के हेड कोच रिकी पोंटिंग का है,उन्होंने यह बात मंगलवार को पीसीए क्रिकेट स्टेडियम मुल्लांपुर में एक प्रेस वार्ता के दौरान कही। उनके साथ टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर भी मौजूद रहे। अय्यर ने कहा कि ही मैं दो दिन पहले ही टीम के साथ जूडा हूं लेकिन टीम के साथ अनुभव अच्छा है इसके साथ ही टीम में कई युवा खिलाड़ी है अपना बेहतर देने के लिए प्रयास कर रहे है।

**मुझे नंबर-3 पर खेलना पसंद** - चैंपियंस ट्रॉफी भारत को नंबर 4 पर खेलते हुए भारत को जीतने में श्रेयस अय्यर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, उन्होंने आईपीएल में कौन से नंबर पर बल्लेबाजी करने के सवाल पर कहा कि टी-20 मुकाबलो में नंबर-3 पर खेलना पसंद करता हूँ,लेकिन अंतिम फैसला कोच पर निर्भर करता है कि मुझे किस नंबर पर खिलाना है,इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वनडे में नंबर-4 पर खेलता रहा हूँ,लेकिन मैंने हमेशा बैटिंग टीम की जरूरत के हिसाब की है। ऐसे में टीम के कोच मुझे जिस पोजीशन पर खेलने के लिए कहेगें उसपर बैटिंग करने के लिए तैयार हूं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि किंग्स टीम में कई बेहतरीन खिलाड़ी शामिल है जो किसी भी पोजीशन पर खेल सकते है ऐसे में हमारा फोकस सिर्फ मैच जीतने पर है।

**हेड कोच के पास अनुभव** - हैंड कोच रिकी पोंटिंग के बारे में बताते हुए टीम के कप्तान ने कहा कि रिकी के साथ मैंने अलग-अलग फ्रैंचाइजी में 3-4 साल इकट्ठे काम किया है ऐसे में रिकी के पास अनुभव की कोई कमी नहीं है इसके साथ ही उनके पास खिलाड़ियों की परख भी बहुत अच्छी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह मैच के अनुसार अपनी रणनीति में बदलाव करते रहते है। ऐसे में हमारे पास कई युवा ऑलराउंडर टीम में है जिसका प्रयोग मैच व विकेट के अनुसार किया जाएगा।

**मैक्सवेल, शशांक, आशुतोष तीनों बेहतर** - श्रेयर अय्यर ने कहा कि टीम में हर खिलाड़ी को अपनी अपनी भूमिका के बारे में पता है। वहीं टीम में कई खिलाड़ी है जो मैच को जीतने में दम रखते है। टीम में मैक्सवेल, शशांक, आशुतोष तीनों बेहतर खिलाड़ी है इन्हें पता है कि मैच में स्थिति के हिसाब से कैसे गियर चेंज करना है। बाकी टीम धर्मशाला में अपना कैंप लगा चुकी है और अब मुल्लांपुर में कैंप में टीम कड़ा अभ्यास कर रही है।

## टी20 अब ऐसे स्तर पर पहुंच गया है जहां हम 300 रन बना सकते हैं: गिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2025 सीजन की शुरुआत से पहले, गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल का मानना ??है कि खेल की गति उस बिंदु पर पहुंच गई है जहां बल्लेबाजी करने वाली टीम के लिए मैच में 300 का स्कोर हासिल करना संभव है। आईपीएल 2024 एक ऐसा सीजन था जहां बल्लेबाजी के रिकॉर्ड नई ऊंचाइयों को छू गए, जैसे कि पंजाब किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 262 रनों का पीछा किया या सनराइजर्स हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर 287/3 बनाया, साथ ही दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ प्रतियोगिता में अब तक का सबसे बड़ा पावर-प्ले स्कोर 125/0 बनाया। गिल ने कहा, खेल की गति इस बिंदु पर पहुंच गई है कि ऐसा लगता है कि हम एक मैच में 300 रन बना सकते हैं। पिछले साल, हम कुछ मौकों पर बहुत करीब पहुंच गए थे। इम्पैक्ट प्लेयर नियम रोमांच बढ़ाता है और आईपीएल को और भी मनोरंजक बनाता है। आईपीएल के सबसे अच्छे पहलुओं में से एक यह है कि हर दिन, एक नया खिलाड़ी स्टार के रूप में उभरता है। आप लगातार कम आंके गए प्रतिभाओं को असाधारण प्रदर्शन करते हुए देखते हैं। टूर्नामेंट की संरचना, लगातार मैचों और यात्रा के साथ, खिलाड़ियों को व्यस्त रखती है। यदि आप जीत रहे हैं, तो गति आपको लगातार तीन, चार या पांच जीत के साथ आगे ले जाती है। हालांकि, चोटें चीजों को मुश्किल बना सकती हैं। गिल ने जियोहॉटस्टार से कहा, जब एक या दो प्रमुख खिलाड़ी घायल हो जाते हैं, तो उपयुक्त प्रतिस्थापन ढूंढना एक चुनौती बन जाता है। इन बाधाओं के बावजूद, आईपीएल सबसे रोमांचक क्रिकेट आयोजन बना हुआ है, और हर सीजन खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिए कुछ नया लेकर आता है।




भारत की 2025 चैंपियंस ट्रॉफी जीत में उप-कप्तान रहे गिल ने आईपीएल देखने की अपनी शुरुआती यादों और मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले सचिन तेंदुलकर के प्रति अपनी प्रशंसा और उनसे मिलने को याद किया। मुझे याद है कि मैं अपने पिता के साथ पंचकूला के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में तीन से चार मैच देखने गया था। आईपीएल के दूसरे या तीसरे साल में, मुंबई इंडियंस अभ्यास के लिए वहां आई थी। उस समय मैं लगभग नौ या दस साल का था। मेरे पास सचिन सर और ग्लेन मैक्सवेल के साथ एक फोटो भी है। मैं उनके अभ्यास के दौरान उन्हें गेंद फेंक रहा था। ये आईपीएल की मेरी कुछ शुरुआती यादें हैं। मैं बेहद नर्वस था, लेकिन मैं सचिन सर के बारे में पहले से ही जानता था। उन्हीं की वजह से मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया। मेरे पिता उनके सबसे बड़े प्रशंसक हैं। हालांकि मेरे पिताजी को पोस्टरों में कभी ज्यादा दिलचस्पी नहीं थी, लेकिन हमारे गांव में सचिन के पोस्टर लगे हुए थे। जीटी अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी और गिल ने अपनी टीम की ताकत के बारे में बात की, जिसने 2022 में अपने पहले ही मुकाबले में आईपीएल जीता था।

# लवलीना और असम के अन्य मुक्केबाजों को राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने से रोक रहे कलिता:अजय सिंह




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह ने बुधवार को आरोप लगाया कि हाल में निलंबित किए गए बीएफआई महासचिव हेमंत कलिता ओलंपिक कांस्य विजेता लवलीना बोरगोहेन को राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने से रोक रहे हैं। सिंह ने यहां एक आपात प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि तोक्यो ओलंपिक में 69 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीतने वाली लवलीना ग्रेटर नोएडा में बृहस्पतिवार से शुरू हो रही घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेना चाहती हैं लेकिन कलिता ने उन्हें टूर्नामेंट से हटने के लिए कहा है जो असम मुक्केबाजी संघ में सचिव के पद पर काबिज हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश सुधीर कुमार जैन द्वारा की गई जांच में कलिता वित्तीय कुप्रबंधन के दोषी पाए गए हैं। सिंह ने कहा, 'असम मुक्केबाजों को महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने से हतोत्साहित कर रहा है। लवलीना ने प्रतियोगिता के समर्थन में एक वीडियो रिकॉर्ड किया है। लेकिन अधिकारियों को फोन आया है कि हेमंत कलिता ने उन्हें भाग नहीं लेने के लिए कहा है। असम मुक्केबाजी में लवलीना का बहुत बड़ा योगदान है इसलिए वह अपनी भागीदारी पर पुनर्विचार कर रही हैं।

कलिता ने आरोप का तुरंत जवाब नहीं दिया है। वह जल्द ही होने वाले बीएफआई चुनावों में अध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवारों में से एक थे, लेकिन उनका नामांकन इस आधार पर खारिज कर दिया गया कि उन्हें संस्था में अलग भूमिकाओं में दो कार्यकाल पूरा करने के बाद 'कूलिंग ऑफ पीरियड से गुजरना होगा।

# जसप्रीत बुमराह क्या पूरी तरह फिट हो गए?


## मुंबई इंडियंस के हेड कोच महेला जयवर्धने ने स्टार पेसर की हेल्थ को लेकर शेयर किया ताजा अपडेट





**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने अपनी टीम के जसप्रीत बुमराह की स्थिति के बारे में खुलकर बात की। भारतीय तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया में जनवरी में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान लगी पीठ संबंधी चोट के कारण अब भी मैदान से बाहर हैं। जसप्रीत बुमराह ने अब तक अपनी पूरी फिटनेस हासिल करने में कोई खास प्रगति नहीं की है। दो सप्ताह पहले जब भारत ने रोहित शर्मा की कप्तानी में दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था, तब भी मुंबई इंडियंस का यह तेज गेंदबाज मैदान से बाहर था।

महेला जयवर्धने ने कहा कि मुंबई इंडियंस बुमराह के बारे में अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। वह अभी बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपनी रिकवरी की प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं। महेला जयवर्धने ने बुधवार 19 मार्च 2025 को मुंबई में संवाददाताओं से कहा, 'जसप्रीत एनसीए में हैं और अभी-अभी उन्होंने वहां प्रॉसेस शुरू किया है। उनके बारे में उनकी प्रतिक्रिया का इंतजार रहेगा। उनकी प्रगति पर दिन-प्रतिदिन नजर रखी जाएगी। उनका न होना एक चुनौती है और दुनिया का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज होना हमारे लिए हमेशा फायदेमंद होता है।' महेला जयवर्धने कहा, 'हमें इंतजार करना होगा या किसी और को आगे आने का मौका तलाशना होगा। मैं इसे इसी तरह देखता हूं। यह हमें कुछ चीजें आजमाने और यह देखने का मौका देता है कि चीजें कैसे काम करती हैं। सीजन का शुरुआती हिस्सा हमें ऐसा करने का मौका देता है।' जसप्रीत बुमराह ने 2013 से अपना पूरा आईपीएल क्रिकेट मुंबई इंडियंस के लिए खेला है। पिछले कुछ वर्षों में 133 मैच में 165 विकेट लिए हैं। खेलना शुरू करने के बाद से उन्होंने सिर्फ एक ही आईपीएल सीजन मिस किया है। वह सीजन 2023 का था, तब उन्हें पीठ में चोट लगी थी।

# चहल और धनश्री के तलाक पर फैसला आज, एलिमनी में इतने करोड़ रुपए देंगे युजवेंद्र





**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी धनश्री वर्मा के तलाक मामले में एक बड़ा खुलासा हुआ है। बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश के अनुसार दंपति को तलाक के बाद 6 महीने की कूलिंग पीरियड से छूट दी गई है। माननीय न्यायालय ने क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और अलग रह रही उनकी पत्नी धनश्री वर्मा की तलाक याचिका पर 20 मार्च तक फैसला करने के लिए पारिवारिक न्यायालय को निर्देश दिया है क्योंकि पंजाब किंग्स के क्रिकेटर 22 मार्च से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सत्र में भाग लेंगे।

बार एंड बेंच ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक पारिवारिक न्यायालय के फैसले को पलट दिया है, जिसमें हिंदू विवाह अधिनियम के तहत क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा के तलाक के लिए वैधानिक कूलिंग-ऑफ अवधि को माफ करने के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया गया था। न्यायमूर्ति माधव जामदार की पीठ ने पारिवारिक न्यायालय को आगामी आईपीएल में चहल की भागीदारी को ध्यान में रखते हुए कल तक तलाक याचिका पर फैसला करने का भी निर्देश दिया है।

बार एंड बेंच के अनुसार दिसंबर 2020 में शादी करने वाला यह जोड़ा जून 2022 से अलग रह रहा है। इस साल फरवरी में ही उन्होंने बांद्रा पारिवारिक न्यायालय के समक्ष तलाक की याचिका दायर करने का फैसला किया था। दंपति ने कूलिंग-ऑफ अवधि को माफ करने के लिए याचिका के साथ एक आवेदन भी दायर किया। धारा 13बी(2) के अनुसार, पारिवारिक न्यायालय तलाक के लिए आपसी याचिका पर उसके दाखिल होने की तिथि से छह महीने बाद ही विचार कर सकता है। समझौते और पुनर्मिलन की संभावनाओं को तलाशने के लिए दंपति को कूलिंग-ऑफ अवधि दी जाती है। लेकिन चहल और धनश्री के 2 साल से अधिक समय से एक-दूसरे से अलग रहने के कारण बॉम्बे हाईकोर्ट को नहीं लगा कि इस मामले में कूलिंग-ऑफ क्लॉज लागू होता है। हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13बी के तहत याचिका दायर की गई थी जिसमें आपसी सहमति से तलाक का सुझाव दिया गया था। मामला तब जटिल हो गया जब 20 फरवरी को अदालत ने चहल और धनश्री के बीच सहमति अवधि के संबंध में आंशिक अनुपालन का हवाला देते हुए 6 महीने की वैधानिक कूलिंग अवधि को माफ करने से इनकार कर दिया। सहमति अवधि के अनुसार चहल अपनी अलग हो चुकी पत्नी को 4 करोड़ 75 लाख रुपए का स्थायी गुजारा भत्ता देने के लिए सहमत हुए थे। हालांकि, क्रिकेटर ने अब तक केवल 2 करोड़ 37 लाख और 55 हजार रुपए का भुगतान किया है। शेष राशि का भुगतान न किए जाने को न्यायालय ने गैर-अनुपालन का मामला माना, इसलिए शांत रहने की याचिका खारिज कर दी गई।

पारिवारिक परामर्शदाता की रिपोर्ट की जांच करने के बाद पारिवारिक न्यायालय ने निर्णय लिया जिसमें गैर-अनुपालन के मामले को उजागर किया गया था। बुधवार को बॉम्बे उच्च न्यायालय ने पाया कि दंपति पहले ही ढाई साल से अलग रह चुके हैं, एक तथ्य जिसने सहमति शर्तों के अनुपालन के पक्ष में फैसला सुनाया, क्योंकि इसमें शेष राशि के भुगतान का प्रावधान था। पारिवारिक न्यायालय को आगामी आईपीएल सत्र के कारण गुरुवार (20 मार्च) तक तलाक याचिका पर निर्णय लेने के लिए कहा गया है।

# सब्जेक्ट ज्ञान से हटके, करेंट अफेयर्स पर भी बच्चों का टेस्ट लें और उन्हें प्रोत्साहन के रूप में पुरस्कृत करें: कलेक्टर

## कलेक्टर की अध्यक्षता में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में प्रबंध समिति की बैठक संपन्न

## कलेक्टर ने 11 एवं 12 कक्षा में बच्चों के लिए स्कूल टाइम के उपरांत एक्स्ट्रा कोचिंग क्लासेज लगाने के दिए निर्देश




छतरपुर(ज.सं.)। कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में प्रबंध समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में केंद्रीय विद्यालय प्राचार्य डॉ. मनीष रूसिया सहित समिति के सदस्य, अभिभावकगण उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर श्री जैसवाल ने एनुअल स्पोर्ट्स सेलिब्रेशन 2024, बाल मेला, साइंस एग्जिबिशन, एक्सपोजर विजिट अंडर पीएम श्री स्कीम, एनुअल अकादमिक इंस्पेक्शन, विद्यालय रेनोवेशनस, ऑडिटोरियम में हुए बदलाव, प्रिंसिपल चैंबर में किए गए रिनोवेशन आदि बिंदुओं के बारे में समीक्षा की। साथ ही सरस्वती की नवीन स्थापित मूर्ति, प्रिंटर, कंप्यूटर, क्लासिकल म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स की खरीदी के बारे में विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि उक्त म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स के प्रयोग के बारे बच्चों को सिखाएं। साथ ही विद्यालय के ऑडिटोरियम में लगाए गए पंखों, सीसीटीवी कैमरा की भी समीक्षा की।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने विद्यालय की व्यवस्था में बच्चों की परीक्षाओं की संबंध में जानकारी ली और एग्जाम सेंटर के बारे में चर्चा की। साथ ही प्राचार्य श्री रूसिया द्वारा वोकेशन लैब्स एवं विद्यालय में संपन्न हुए अतिथि शिक्षकों के इंटरव्यू के बारे में भी बताया गया। साथ ही बैठक में विद्यालय के निर्धारित एजेंडा बिंदुओं की भी समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने विद्यालय में क्यूरिकुलर एंड को-क्यूरिकुलर एक्टिविटीज कराने के निर्देश दिए एवं विद्यालय के खर्चों, सिक्योरिटी स्टाफ के खर्चों, मेडिकल खर्चों के बारे में भी समीक्षा की।

कलेक्टर ने वॉटरप्रूफिंग ऑफ रुफ एरिया, पेंटिंग वर्क, लेवलिंग ऑफ स्पोर्ट ग्राउंड के लिए पीडब्ल्यूडी के अधिकारी को एस्टीमेट बनाने के लिए निर्देशित किया। एवं पिछली बैठक के मदवार व्यय एवं आगामी व्यय के मदों पर भी गहन समीक्षा की। साथ ही विद्यालय में लगे लेन - इंटरनेट फैसिलिटी आदि के बारे में भी जानकारी ली।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने इंटरैक्टिव पार्क जिसमें साइंस पार्क एवं मैथ्स पार्क बनाए जाने के निर्देश दिए। एवं विद्यालय में 11 एवं 12 कक्षा में बच्चों के लिए स्कूल टाइम के उपरांत एक्स्ट्रा कोचिंग क्लासेज लगाने के लिए निर्देशित किया जिससे की प्रतियोगी परीक्षाओं में भी उनको मार्गदर्शन मिले। साथ ही कलेक्टर ने कंप्यूटर में नया सिखाने के बारे में जानकारी लेते हुए आर्टीफीशियल इंटैलीजेंस, ऐप्स बनवाने, लैंग्वेज पाइथॉन, वेब पेजेज डिजाइनिंग, चैट जीपीटी आदि के बारे में सिखाने के लिए भी निर्देशित किया। एवं कलेक्टर ने स्पोर्ट्स में होने वाले सुधार के बारे में जानकारी लेते हुए फुटबॉल ग्राउंड, बॉलीबॉल ग्राउंड, रनिंग ट्रैक आदि में होने वाले सुधार के बारे में सुझाव लिए और विस्तृत चर्चा की।

साथ ही एक्स्ट्रा क्यूरिकुलर एक्टिविटीज में कलेक्टर ने साहित्यिक गतिविधियां जिसमें वाद विवाद, निबंध प्रतियोगिता आदि कराने के लिए भी कहा। और कहा कि सब्जेक्ट ज्ञान से हटके करेंट अफेयर्स पर बच्चों का टेस्ट लें और प्रोत्साहन के रूप में उन्हें पुरस्कृत करें।

विद्यालय के लिए कलेक्टर द्वारा दिए गए सुझाव पर आभार व्यक्त किया गया और एक स्मृति चिन्ह एवं हरित पौधा भेट किया गया। तत्पश्चात कलेक्टर श्री जैसवाल ने विद्यालय में रेनोवेशन में हुए खर्चों में प्राचार्य कक्ष, ऑडिटोरियम का भी निरीक्षण किया।

### कलेक्टर ने लवकुशनगर ब्लॉक के जल जीवन मिशन के कार्यों का किया निरीक्षण



छतरपुर(ज.सं.)। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने बुधवार को जिले के लवकुशनगर ब्लॉक में क्रियान्वित जल जीवन मिशन के तहत लवकुशनगर समूह जल प्रदाय योजना के कार्यों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान ग्राम सूरजपुर एवं देवरी में जल आपूर्ति से संबंधित टंकी, नल कनेक्शन एवं सड़क मरम्मत के कार्यों का स्थल निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों से योजना की प्रगति और कार्य की गुणवत्ता को लेकर संवाद किया।

इसके बाद ग्राम पंचमनगर में निर्माणाधीन जल शोधन संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) का निरीक्षण करते हुए सभी कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान कलेक्टर ने लेब में क्यूब टेस्टिंग कराई। जिसमें परीक्षण के परिणाम निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाने पर जल निगम के अधिकारियों, एसक्यूसी स्टाफ एवं ठेकेदार को आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने जीएम जल निगम को निर्देश दिए कि एक साथ 7 क्यूब को टेस्ट कराएं और सही मानक के नहीं पाए जाने पर डिस्मेंटल की कार्यवाही करें। इस दौरान जल निगम के महाप्रबंधक एल.एल. तिवारी, जनपद सीईओ लवकुशनगर सहित एसक्यूसी टीएल एवं एलसीसी कंपनी के जीएम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने लूट का किया खुलासा, आठ हजार के इनामी 3 आरोपी गिरफ्तार

## सोने चांदी के आभूषण एवं घटना में प्रयुक्त बुलेट, अवैध देशी कट्टा जप्त




छतरपुर(नि.प्र.)। माह मार्च के प्रारंभ में थाना अलीपुरा क्षेत्र अंतर्गत कुकरेल हरपालपुर रोड में फरियादी पुष्पेंद्र सेन निवासी गढ़ी मलहरा हाल छतरपुर की लूट संबंधी रिपोर्ट पर थाना अलीपुरा में भारतीय न्याय संहिता की लूट सहित विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण कर भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य एकत्र किये। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने घटना की गंभीरता को देखते हुए लूट की संपत्ति की बरामदगी एवं आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु 8000 के इनाम की उद्घोषणा की।

पुलिस टीम ने आरोपियों की तलाश हेतु क्षेत्र में आवागमन करने वाले संदिग्ध की जानकारी एकत्र की, मुखबिर तंत्र सक्रिय किया तथा आसपास के क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज एकत्र किए। एकत्रित साक्ष्य, हुलिया के अनुसार जिला दतिया के संदेहियों की क्षेत्र में मूवमेंट संबंधी जानकारी मिली। संदेहियों से बारीकी से पूछताछ की गई, लूट की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। लूट की घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपी उदय राजा उर्फ़ कार्तिक राजा परमार पिता राजेश प्रताप सिंह निवासी बड़े पोस्ट ऑफिस के पीछे दतिया, हिमांशु कोस्टा पिता मुकेश कोस्टा निवासी हनुमानगढ़ी मोहल्ला दतिया, आकाश ठाकुर पिता भोपाल सिंह निवासी गोंडा मोहल्ला दतिया को विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से लूटी गई संपत्ति सोने चांदी के आभूषण- हार, झुमकी, ब्रेसलेट, अंगूठी एवं प्रयुक्त वाहन रॉयल एनफील्ड बुलेट मोटरसाइकिल, अवैध हथियार 315 बोर का देशी कट्टा, कारतूस कुल संपत्ति करीब 4 लाख रुपए बरामद किया गया। आरोपी उदय राजा लूट, अवैध हथियार, मारपीट के 4 अपराध एवं हिमांशु कोष्टा लूट, मारपीट के दो अपराधों में लिप्त है। अभियुक्तों को न्यायालय पेश किया जा रहा है, विवेचना कार्यवाही जारी है।

उक्त कार्यवाही में एसडीओपी नौगांव अमित मेश्राम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अलीपुरा उप निरीक्षक डीडी शाक्य, सहायक उप निरीक्षक सीताराम सूर्यवंशी, प्रधान आरक्षक हनुमानदीन, आरक्षक रामदास, राम जाट, संदीप अहिरवार, अरविंद्र, जितेंद्र , साइबर से विजय की भूमिका रही।

## अवैध शराब परिवहन में पकड़े वाहनों को राजसात के लिए संबंधित को कलेक्टर न्यायालय में उपस्थित होने का आदेश

छतरपुर। सहायक आबकारी आयुक्त छतरपुर ने बताया कि कलेक्टर न्यायालय के आदेशानुसार निखिल चौरसिया पिता वीरेंद्र कुमार चौरसिया निवासी वार्ड नं 4 बरिया मुहल्ला, गढ़ीमलहरा जिला छतरपुर के अवैध शराब परिवहन करते पकड़े गए जब्त शुदा वाहन एक पल्सर मोटर साइकिल जिसका नंबर एमपी 16 एमव्ही 3850 है और अपराध प्रकरण थाना गढ़ीमलहरा में पंजीबद्ध है। साथ ही अविनाश पस्तोर पिता महावीर प्रसाद पस्तोर निवासी गांधी निवास लोहिया नगर गाजियाबाद (उ.प्र.) अवैध शराब परिवहन करते पकड़े गए जब्त शुदा वाहन एक स्कूटी जिसका नंबर यूपी 14 बीडब्ल्यू 6930 है और अपराध प्रकरण थाना नौगांव में पंजीबद्ध है।

उक्त वाहनों को राजसात किए जाने संबंधी कार्यवाही कलेक्टर न्यायालय छतरपुर में विचाराधीन है अनेकों अवसरों के बाद भी 4 मार्च 2025 तक कलेक्टर न्यायालय में सम्बंधित उपस्थित नहीं हुए। न्यायालय के आदेशानुसार 8 अप्रैल 2025 तक स्वयं उपस्थित होकर, यदि फाइनेंस कंपनी व्यक्ति अथवा बैंक द्वारा लोन दिया गया हो तो संबंधित व्यक्ति अपना पक्ष कलेक्टर न्यायालय के समक्ष रखें अन्यथा आपके उत्तरदायित्व पर एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए उक्त वाहन राजसात कर लिए जाएंगे।

# छतरपुर में एक साथ चार गोदामों के ताले टूटे





छतरपुर(नि.प्र.)। छतरपुर में अपराधी बेलगाम होकर आपराधिक वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। चोरियों के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। एक बार फिर गल्लामण्डी सरानी रोड पर व्यापारियों के चार गोदामों के ताले टूटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक बुधवार की सुबह 11 बजे विश्वनाथ कॉलोनी में रहने वाले दीपक कुमार सिंधी जैसे ही सरानी रोड पर संचालित होने वाले अपने टॉफी गोदाम पर पहुंचे तो उन्हें यहां का ताला टूटा हुआ मिला। गोदाम में रखी सामग्री और लगभग 40-50 हजार रूपए की नगदी चोरी हो चुकी थी। उनके पास बने तीन अन्य गोदामों के भी ताले टूटे पाए गए। इन गोदामों से हुई चोरी की सामग्री का पता लगाया जा रहा है। इस मामले में पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया है लेकिन अब तक पुलिस को कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। शहर में पूर्व में हुई चोरियां भी अब तक नहीं खुल सकी हैं।

### महिला चोर गिरोह ने जेवरात उड़ाए

बुधवार को शहर की रामगली बजरिया में सर्राफा की दुकान संचालित करने वाले व्यापारी संजू सोनी ने सिटी कोतवाली पुलिस में एक वीडियो दिखाते हुए शिकायत दर्ज कराई है कि पिछले दिनों उनकी दुकान से दो महिलाओं ने 28 हजार कीमत के सोने के दो टॉप्स चोरी कर लिए। इस वीडियो में साफ दिख रहा है कि साड़ी पहनकर दुकान पर आयीं अधेड़ उम्र की दो औरतों ने नजर बचाते हुए इस दुकान से जेवरात चोरी कर लिए। पलक झपकते हुए चोरी की वारदात को अंजाम देकर ये महिलाएं फरार हो गईं। सिटी कोतवाली पुलिस ने वीडियो और शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### इनका कहना-

शहर के सरानी दरवाजा इलाके में कुछ गोदामों के ताले टूटने की सूचना मिली है। पुलिस निरीक्षण कर जानकारियां एकत्रित कर रही है। जल्द ही आरोपी पकड़े जाएंगे।

**अमन मिश्रा, सीएसपी, छतरपुर**

## गौरैया संरक्षण पर संगम सेवालय द्वारा जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन



छतरपुर(नि.प्र.)। संगम सेवालय द्वारा गौरैया संरक्षण के महत्व पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें प्रकृति संरक्षण और गौरैया के विलुप्ति संकट पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में न्यायाधीश विक्रम भार्गव, डॉ. बी.एस. राजपूत, डॉ. दीप्ति शर्मा, शंकरलाल सोनी, सुरेंद्र अग्रवाल, अजय गुप्ता और गोविंद असाटी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

संगोष्ठी में वक्ताओं ने गौरैया चिड़िया के महत्व, इसके तेजी से कम होती संख्या के कारणों और इसके संरक्षण के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि शहरीकरण, मोबाइल टावरों से निकलने वाले रेडिएशन, पेड़ों की अंधाधुंध कटाई और कीटनाशकों के बढ़ते उपयोग से गौरैया की संख्या में गिरावट आई है। उन्होंने घरों में पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने, प्राकृतिक घोंसले तैयार करने और हरियाली को बढ़ावा देने जैसे उपायों पर जोर दिया।

इस अवसर पर विपिन अवस्थी, अंजू अवस्थी, लखनलाल लाल अग्रवाल, प्रकाश जैन, देवकीनंदन साहू, किरण मिश्रा, अंजना साहू, नीतू सिंह, दिल्लाराम अहिरवार, वंदना वर्मा, डॉ. स्वतंत्र शर्मा अशोक कटारा, राजाराम विश्वकर्मा सहित अनेक समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एंजिल पब्लिक स्कूल और एप्पल पब्लिक स्कूल के स्टाफ ने भी सहभागिता की और छात्रों को गौरैया संरक्षण के प्रति प्रेरित किया।

संगम सेवालय के इस प्रयास को समाज में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने सभी से अपील की कि वे पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी निभाएं और गौरैया जैसी मासूम चिड़िया को बचाने के लिए छोटे-छोटे प्रयास करें।

### अवैध शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

छतरपुर(नि.प्र.)। पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ संग्रह, विक्रय, उत्पादन एवं परिवहन करने वालों तथा सार्वजनिक स्थानों में नशाखोरी कर रहे नशाखोरों के विरुद्ध निरंतर सख्त से सख्त कार्यवाही की जा रही है। विगत रात्रि थाना लवकुश नगर पुलिस को रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान अवैध शराब विक्रय हेतु संग्रह संबंधी सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम ग्राम देवीखेड़ा पहुंची। संदेही के अवैध शराब संग्रह से 7 पेटी 350 क्वार्टर देशी शराब मात्रा 63 लीटर जप्त की गई। आरोपी रामेश्वर नागर पिता ग्यासीलाल नागर निवासी ग्राम देवीखेड़ा थाना लवकुशनगर को गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना लवकुश नगर में आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया, अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी लवकुशनगर निरीक्षक परसराम डाबर, सहायक उप निरीक्षक दीवान सिंह , प्रआर. पुरूषोत्तम दास, अनीश, वीरेंद्र, आरक्षक रमाकांत, बलराम, उमेश, नरेंद्र, मंगल, उदय सिंह ह्रदेश, बनमाली, महिला आरक्षक गीता सिंह की भूमिका रही।

## कचरा फेंकने वाले 6 व्यक्तियों के कटे चालान, 3 हजार रुपये जुर्माना लगाया



छतरपुर(नि.प्र.)। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 को लेकर पूरे शहर में तैयारी चल रही है। नगरपालिका छतरपुर ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं आगे आकर शहर को स्वच्छ बनाए रखने में अपना योगदान दें। सीएमओ माधुरी शर्मा के निर्देशन मे एवं स्वच्छता निरीक्षक संजेश नायक के मार्गदर्शन मे जॉन प्रभारी कुलदीप तिवारी द्वारा निरंतर चालानी कार्रवाई की जा रही है।

स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नगरपालिका छतरपुर द्वारा बुधवार को कचरा फेंकने, गंदगी फैलाने वाले 6 व्यक्तियों के चालान किए तथा उन पर 3 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। कचरा फैकने व फैलाने वाले व्यक्तियों पर पांच-पांच सौ रुपये का जुर्माना किया गया है। सुपरवाइजर अमर डागौर ने दल को सूचित किया और मौके पर दल द्वारा कचरा फैकने वालों पर चालानी कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई शहर के विभिन्न स्थानों पर की गई। अगर आपने सार्वजनिक स्थानों, सड़क, नाली, नाला आदि पर गंदगी फैलाई तो आपका चालान किया जाएगा। साथ ही टीमें वार्डों में लगातार निगरानी कर रही हैं तथा गंदगी फैलाने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। साथ ही गंदगी फैलाने वालों को स्पष्ट चेतावनी दी गई वे गंदगी न फैलाएं अन्यथा उनके खिलाफ अन्य नियमों के तहत भी कार्रवाई की जाएगी।

## युवा संगम नाम से 26 मार्च को रोजगार मेले का आयोजन

छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय, शासकीय आई. टी.आई एवं जिला उद्योग विभाग के द्वारा 26 मार्च 2025 को सुबह 10-30 बजे से दोपहर 3 बजे तक महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय कैंपस छतरपुर में 1 दिवसीय युवा संगम (रोजगार, स्वारोजगार एवं अप्रेन्टिशिप मेला) का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिये 18 वर्ष से 35 वर्ष आयु के युवक-युवतियां भाग ले सकते है। इस मेले में 8 वीं से स्नातक तक की योग्यता वाले बेरोजगार युवक युवतियों की भर्ती के लिए निजी क्षेत्र की कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया जा रहा है।

# मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न



पन्ना(ज.सं.)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने निर्वाचन से संबंधित सुझाव दिए तथा समस्याओं एवं पूर्णतः शुद्ध मतदाता सूची व डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम हटाने की ओर ध्यान भी आकृष्ट कराया। साथ ही मतदाता प्रतिशत बढ़ाने और पोस्टल बैलेट की प्रक्रिया को सरलीकृत करने का सुझाव दिया गया। इस अवसर पर मतदाताओं के नाम अनवरत रूप से मतदाता सूची में जोड़े जाने की बात कही गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सुव्यवस्थित मतदान केन्द्र भवन, पोलिंग बूथ पर मूलभूत व्यवस्थाओं की सुगमतापूर्वक उपलब्धता सहित चुनाव सुधार उपायों पर भी प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की। इस अवसर पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने मतगणना के साथ प्रत्येक राउण्ड में रेण्डमली एक व्हीव्हीपैट की गणना कराने तथा निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान की गई शिकायतों का तत्काल निराकरण करने का सुझाव दिया। सीमावर्ती राज्य के मतदाताओं के नाम परीक्षण कराकर जिले की मतदाता सूची से हटाने तथा माडल बूथ बनाकर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी देने संबंधी सुझाव बैठक में दिए गए। मतदाताओं को मतदाता पर्ची समान क्रम से वितरित करने सहित अन्य आवश्यक सुझाव भी विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने दिए। उल्लेखनीय है कि जिला स्तरीय बैठक के पूर्व आयोग के निर्देशानुसार समस्त रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा भी विधानसभा क्षेत्र स्तर पर राजनैतिक दल के साथ बैठक की जा चुकी है।

### ईव्हीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक उपरांत राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईव्हीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया गया। निरीक्षण के दौरान भारतीय जनता पार्टी से बृजेन्द्र मिश्रा, इंडियन नेशनल कांग्रेस से राजेश तिवारी एवं सरदार सिंह यादव, बहुजन समाज पार्टी से चौधरी एस.बी. रमन एवं आम आदमी पार्टी से अंजली यादव सहित अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र, जिला कोषालय अधिकारी गौरव गुप्ता, सहायक कोषालय अधिकारी आर.पी. प्रजापति, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी अतुल, निर्वाचन पर्यवेक्षक उमाशंकर दुबे भी उपस्थित रहे।

## टीबी बुखार से पीड़ित महिला को अस्पताल में नहीं मिला बेड जमीन पर लेटी

सुमेरपुर-हमीरपुर(नि.प्र.)। क्षय रोग का उपचार कराने आई महिला को अस्पताल कर्मियों ने तेज बुखार होने पर बेड नहीं मुहैया कराया। महिला पति के साथ अस्पताल के बाहर आकर जमीन पर लेटकर बुखार उतरने का इंतजार करने लगी। यह वाक्या राज्य महिला आयोग की सदस्य के निरीक्षण के दौरान मीडिया ने कैमरे में कैद किया। मीडिया की नजर में मामला आने के बाद स्वास्थ्य कर्मियों ने उसे जमीन से उठाकर बेड में ले जाकर लिटाया। पत्योरा निवासी मुन्ना निषाद की पत्नी मीरा क्षय रोग की बीमारी से ग्रसित है। मंगलवार को यह पति के साथ नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बीमारी की दवा लेने आई थी। इसको तेज बुखार था। डाक्टर ने उसे दवा मुहैया करा दी। लेकिन बुखार होने के बावजूद उसे बेड नहीं दिया। तेज बुखार होने के कारण महिला चलने में असहाय थी। वह पति के साथ अस्पताल के बाहर दवा वितरण खिड़की के बगल में जमीन पर लेट गई।

इसी बीच राज्य महिला आयोग की सदस्य अस्पताल के निरीक्षण में आ गई। परंतु उनकी नजर इस गरीब असहाय मजबूर महिला की दशा पर नहीं पड़ी। आयोग की सदस्य के निरीक्षण के कवरेज को पहुंचे मीडिया ने महिला को कैमरे में कैद किया। मीडिया के कैमरे में महिला के कैद होते ही अस्पताल कर्मियों में हड़कंप मच गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने आनन फानन में उसे जमीन से उठाकर बेड में ले जाकर लिटाया। महिला आयोग की सदस्य से जब मीडिया ने सवाल किया तो उन्होंने स्वीकार किया कि यह अव्यवस्थाएं हैं। इसको ठीक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि डाक्टरों का फीडबैक भी बहुत अच्छा नही समझ में आया है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. पुष्पेन्द्र ने कहा कि पीड़िता को दवा देने के बाद अस्पताल में रुकने के लिए कहा गया था। वह स्वेच्छा से बाहर जाकर लेट गई थी। बेड न देने की बात निराधार है।

## आयुष विभाग द्वारा लगाया गया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

पन्ना(ज.सं.)। आयुष विभाग द्वारा गत दिवस आयुष्मान आरोग्य मंदिर पहाड़ीखेरा अंतर्गत ग्राम उमरी में नवजात और शिशु स्वास्थ्य देखभाल सेवायें की थीम पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें नवजात शिशु को होनें वाली बीमारियों से बचाव की जानकारी दी गई तथा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके अलावा बीपी, मधुमेह, हीमोग्लोबिन परीक्षण भी किया गया। साथ ही उदर रोग, श्वास रोग, ज्वर, आमवात, संधिवात, मूत्ररोग, चर्म रोग, बवासीर इत्यादि समस्त बीमारियों से बचाव की जानकारी प्रदान कर औषधियों का वितरण किया गया। शिविर में नियमित योग और प्राणायाम करने के लाभ भी बताए। शिविर में 108 व्यक्ति लाभांवित हुए। जिला आयुष अधिकारी डॉ. आर.के. वर्मा के मार्गदर्शन में जिले के अन्य स्थानों पर भी स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाए गए।

# ग्लोबल रीसाइक्लिंग डे: पन्ना को स्वच्छ बनाने का लिया संकल्प

पन्ना(ज.सं.)। नगर पालिका परिषद पन्ना द्वारा मंगलवार को ग्लोबल रीसाइक्लिंग डे पर एसबीआई फाउण्डेशन एवं एनजीओ के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्लोबल रीसाइक्लिंग दिवस की स्थापना वर्ष 2018 में ग्लोबल रीसाइक्लिंग फाउंडेशन द्वारा सतत विकास और रीसाइक्लिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी। इस वर्ष प्रेरित, शिक्षित और सशक्त करने के संदेश की थीम पर आयोजित जनजागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों, समाजसेवियों और नागरिकों ने सहभागिता की तथा पन्ना को स्वच्छ बनाने का संकल्प भी लिया।




कलेक्टर सुरेश कुमार ने कार्यक्रम में रन फॉर सेग्रीगेशन नामक जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली अजयगढ़ चौराहे से आरंभ होकर नगर पालिका होते हुए छत्रसाल पार्क में सम्मान समारोह के साथ समाप्त हुई। इसके जरिए हर घर में गीले, सूखे और घरेलू हानिकारक कचरे के स्त्रोत पृथक्करण एवं रीसाइक्लिंग को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। इस मौके पर नपाध्यक्ष मीना पांडेय, नपा उपाध्यक्ष आशा गुप्ता, सीएमओ शशि कपूर गढ़पाले भी उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए जरूरी सुझाव दिए गए तथा नागरिकों से कचरे को गीला, सूखा और घरेलू हानिकारक श्रेणियों में अलग-अलग करने की अपील की गई। विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई विभिन्न कलाकृतियों की बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट की आकर्षक प्रदर्शनी भी कार्यक्रम में लगाई गई और विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से नागरिकों को रीसाइक्लिंग की महत्ता से अवगत करवाया गया। साथ ही कचरे से नवीन वस्तुओं का निर्माण कर पुनर्प्रयोग की जानकारी दी गई।

## पुलिस व आबकारी टीम के संयुक्त प्रयास से अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण सहित अभियुक्त गिरफ्तार

हमीरपुर(नि.प्र.)। पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण, बिक्री व संचालन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम आज थाना जरिया पुलिस व आबकारी टीम के संयुक्त प्रयास से एक नफर अभियुक्त जुगल किशोर उर्फ कल्लू पुत्र खरेचन्द्र निवासी ग्राम अलकछवा थाना जरिया जनपद हमीरपुर (उम्र करीब 38 वर्ष) को अभियुक्त के बाडे के अन्दर लगे जामुन के पेड के नीचे बहद ग्राम अलकछवा से अवैध शराब बनाते हुये पकडा गया तथा मौके से 30 लीटर कच्ची शराब महुआ व शराब बनाने का उपकरण बरामद किया गया तथा मौके पर ही 1.5 कुन्तल (150 किग्रा.) लहन को नष्ट किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुअसं. 38/2025 धारा 60(2) आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई।

गिरफ्तार हुआ अभियुक्त जुगल किशोर उर्फ कल्लू पुत्र खरेचन्द्र (उम्र करीब 38 वर्ष) निवासी ग्राम अलकछवा थाना जरिया जनपद के कब्जे से 30 लीटर अवैध कच्ची शराब महुआ व शराब बनाने के उपकरण तथा 1.5 कुन्तल (150 किग्रा. ) लहन का बरामद हुआ है। गिरफ्तार करने वाली टीम में आबकारी निरीक्षक कुलदीप सिंह, उपनिरीक्षक रोहित यादव, उपनिरीक्षक दिलीप श्रीवास्तव, हेडकांस्टेबल शिवेन्द्र सिंह, महिला कांस्टेबल वन्दना यादव शामिल रही।

## प्रभावी पैरवी कर दुष्कर्म के अभियोग में अभियुक्त को 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 36,000 रुपये के अर्थदण्ड की दिलायी सजा

हमीरपुर(नि.प्र.)। जनपद हमीरपुर थाना बिंवार में असं. 223/2023 धारा 458, 376 भादसं. में अभियुक्त सलमान पुत्र सैय्यद खां निवासी कस्बा व थाना बिंवार जनपद हमीरपुर के विरुद्ध अभियोग 17 अगस्त 2023 को पंजीकृत किया गया। जनपद हमीरपुर के आपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित अभियोग मे जनपद हमीरपुर के अभियोग मे अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किये जाने के फलस्वरुप आज न्यायालय जिला/सत्र न्यायाधीश हमीरपुर द्वारा अभियुक्त सलमान पुत्र सैय्यद खां उपरोक्त को दोषसिद्ध करते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास व मु. 36,000 रु. के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। विवेचक निरीक्षक निशिकान्त राय, अभियोजक डीजीसी राजेश कुमार शुक्ला, पैरोकार कांस्टेबल प्रेमसिंह रहे। अभियुक्त द्वारा वादिनी को रात्रि में नल से पानी भरते समय पीछे से पकड़ लेना एवं मुंह दबाकर बगल में खाली पड़े मकान में ले जाकर जबरदस्ती दुष्कर्म करना।

# शिविरार्थियों द्वारा लक्ष्मीपुर के तालाब को किया पूर्णतः स्वच्छ



पन्ना(नि.प्र.)। प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के प्राचार्य डॉ एसपीएस परमार के मार्गदर्शन तथा प्रशासनिक अधिकारी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों का सात दिवसीय विशेष शिविर में परियोजना कार्य के अंतर्गत विगत तीन दिनों की कड़ी मेहनत के पश्चात लक्ष्मीपुर स्थित तालाब को पन्नी, पाउच व पालीथिन तथा अन्य जल प्रदूषकों से मुक्त कर पूर्ण रूप से स्वच्छ किया गया। आज के बौद्धिक सत्र में श्री शंभू दयाल सिंह जाटव सहायक आबकारी अधिकारी एवं श्री अमित कुमार शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक शाखा बेनीसागर विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित होकर शिविरार्थियों को अपने-अपने क्षेत्र में करियर व रोजगार की संभावनाओं पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। बैंक प्रबंधक महोदय ने विद्यार्थियों को साइबर फ्रॉड से बचने के लिए तथा बैंकिंग सेवाओं में अवसर के संबंध में जानकारी प्रदान की जबकि आबकारी अधिकारी ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को आबकारी क्षेत्र में रोजगार के संबंध में जानकारी दी।

विद्यार्थियों की ओर से मुख्य अतिथि प्रभा अहिरवार तथा अध्यक्षता देवेश मिश्रा को बनाया गया था। बौद्धिक चर्चा सत्र का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ डीपी कुशवाहा ने किया। अतिथियों का स्वागत डॉ पीयूष शर्मा द्वारा किया गया। आभार राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज कुमार शुक्ल ने व्यक्त किया। बौद्धिक सत्र उपरांत सांस्कृतिक संध्या में विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय भक्ति गीत, भजन व बुंदेली गीतों पर रंगारंग प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। कार्यक्रम में कई गणमान्य अतिथि, लक्ष्मीपुर ग्राम पंचायत के ग्रामीण व सैकड़ो की संख्या में शिविरार्थी उपस्थित रहे।

### जिलाबदर अभियुक्त गिरफ्तार

हमीरपुर(नि.प्र.)। पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में अपराध नियंत्रण व जिलाबदर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के क्रम में आज थाना जरिया पुलिस टीम द्वारा एक नफर जिलाबदर अभियुक्त आकाश उर्फ पिंकी पुत्र ओमप्रकाश खंगार (उम्र करीब 20 वर्ष) निवासी मु. मांझखोर कस्बा सरीला थाना जरिया जनपद हमीरपुर को गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुअसं. 39/25 धारा 10 उप्र. गुण्डा नियंत्रण अधिनियम पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार हुआ अभियुक्त आकाश उर्फ पिंकी पुत्र ओमप्रकाश खंगार (उम्र करीब 20 वर्ष) निवासी मु. मांझखोर कस्बा सरीला थाना जरिया जनपद हमीरपुर है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रोहित यादव, हेडकांस्टेबल शिवेन्द्र सिंह शामिल रहे।

## अधिवक्ता के आवास से 20 लाख के जेवर एवं नगदी चोरी

सुमेरपुर-हमीरपुर(नि.प्र.)। बीती रात क्षेत्र के ग्राम सिमनौडी में अज्ञात चोरों ने अधिवक्ता के मकान में घुसकर 20 लाख कीमत के सोने चांदी की जेवरात के साथ 20 हजार की नगदी कमरे एवं बक्से का ताला तोड़कर चोरी कर ली और फरार हो गए। चोरी की भनक सुबह गृह स्वामी की नींद खुलने पर लग सका। पीड़ित अधिवक्ता ने पुलिस को तहरीर सौपी है। सिमनौडी निवासी रामकिशुन यादव जजी में अधिवक्ता हैं। यह गांव से ही प्रतिदिन जाकर प्रैक्टिस करते हैं। बीती रात यह घर पर पत्नी एवं पुत्रियों के साथ मौजूद थे। रात में सभी खाना खाकर अलग-अलग कमरों में सो रहे थे।

अज्ञात चोर मकान की दीवाल फादकर अंदर घुस आए और कमरे का ताला तोड़कर बक्से में रखे 20 लाख कीमत के सोने चांदी की जेवरात एवं 20 हजार नगद चोरी करके फरार हो गए। पीड़ित अधिवक्ता ने पुलिस को तहरीर सौपी है। पुलिस ने गांव पहुंचकर मौका मुआयना के बाद जल्द खुलासे का आश्वासन दिया है। गांव में हुई चोरी की बड़ी वारदात से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। एसआई को गांव भेजा गया है। जांच कराई जा रही है।

## हमारा आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हमीरपुर(नि.प्र.)। आज हमारा आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन राजकीय महिला महाविद्यालय हमीरपुर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद ने दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती पूजन के साथ किया। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, नोडल शिक्षक संकुल एवं नोडल शिक्षक की प्रशंसा की गई। नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद ने निपुण बच्चों को स्टेशनरी किट देकर पुरस्कृत किया एवं सभी शिक्षकों की बच्चों को शिक्षित करने के लिए प्रशंसा की। मुख्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार निगम द्वारा स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम के बारे में बताया गया।

खण्ड शिक्षा अधिकारी शैलेष त्रिपाठी द्वारा माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में निपुण बच्चों को पुरस्कृत तथा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, नोडल शिक्षक, नोडल शिक्षक संकुल, समस्त एआरपी एवं नोडल एसआरजी को सम्मानित किया गया। नोडल एसआरजी रामकृष्ण शुक्ल एवं नोडल एआरपी सहेन्द्र द्वारा वण्डर बाक्स का प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन आकांक्षा तिवारी द्वारा किया गया। जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) आलोक त्रिपाठी द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु समस्त प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग अखिलेश शुक्ला, पवन द्विवेदी, धीरेन्द्र कुमार, अर्चना गुप्ता, पुनीत, रामलखन लखेरा, खुशबू, उदय, गौरव, उदीप एवं हेमलता तिवारी का रहा।

## वृद्ध की हत्या में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज, बहू की तहरीर पर हुआ मुकदमा

सुमेरपुर-हमीरपुर(नि.प्र.)। सोमवार को सुबह घर में घुसकर हुई मारपीट पर वृद्ध की मौत के बाद पुलिस ने बहू की तहरीर पर पांच के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज होते ही सभी भूमिगत हो गए है। सोमवार को इंगोहटा निवासी अजीत पुत्र संतोष, संतोष पुत्र सोनेलाल, सनिया पुत्र रमेश, रूपा पत्नी संतोष, रामबाबू पुत्र अज्ञात ने गांव निवासी राम सिंह के घर में घुसकर लाठी डंडों से जमकर पीटा था। अस्पताल ले जाते समय राम सिंह ने रास्ते में दम तोड़ दिया था। मृतक की बहू राम देवी ने स्थानीय पुलिस पर कार्यवाही न करने का आरोप लगाकर पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा से न्याय की गुहार लगाई थी। पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच सीओ सदर राजेश कमल को सौंपकर कार्यवाही के निर्देश दिए थे। जांच के बाद मामला सही पाए जाने के बाद पुलिस ने रामदेवी की तहरीर पर अजीत, संतोष, सनिया, रूपा, रामबाबू के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। जांच में सामने आया है कि अजीत के सिर में लाठी मारने से राम सिंह की मौत हुई है। मुकदमा दर्ज होते ही सभी आरोपी भूमिगत हो गए हैं। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## जनसुनवाई में हुई 23 आवेदनों पर कार्यवाही

पन्ना(ज.सं.)। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 23 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र एवं संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम द्वारा जिला मुख्यालय पर पहुंचे आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं। इसके अलावा ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में भी आवेदकों की समस्याओं का तत्परतापूर्वक निराकरण किया गया। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के निर्देश पर आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज जनसुनवाई हुई।

## दो माह से पानी को तरस रहे सात एवं चौदह वार्ड के वाशिंदे


सुमेरपुर-हमीरपुर(नि.प्र.)। पिछले दो माह से कस्बे के वार्ड संख्या सात एवं 14 के लोग एक-एक बूंद पानी को तरस रहे हैं। लोगों का कहना है कि आधी रात में कुछ देर के लिए आपूर्ति आती है। लोगों को रात में जागकर पानी भरने को मजबूर होना पड़ता है। वार्ड संख्या 14 के निवासी अलखराम सिंह, विनोद पाठक, आदिनाथ सिंह, बृजेश विश्वकर्मा, सुखनंदन यादव, राधेश्याम यादव, अखिलेश मिश्रा आदि ने बताया कि पिछले दो माह से दिन में आपूर्ति नहीं मिल रही है। रात में 11 बजे के बाद कुछ देर के लिए आपूर्ति आती है। लोगों को नींद खराब करके पानी भरने को मजबूर होना पड़ता है।

इसके बाद उपयोग के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। इसी तरह वार्ड संख्या सात के निवासी वसीम सिद्दीकी, अशोक कुमार गुप्ता, रामरूप आदि ने बताया कि दो माह से पानी के लिए परेशान है। जल संस्थान शिकायत के बाद समस्या का समाधान नहीं कर पा रहा है। दोनों वार्डो के वाशिंदों का कहना है कि वह बुधवार को मुख्यालय जाकर समस्या से जिलाधिकारी को अवगत कराकर निराकरण की मांग करेंगे। जल संस्थान के अवर अभियंता विश्लेंद्रनाथ ने बताया कि इन दोनों वार्डो में रानी लक्ष्मीबाई तिराहा में लगे नलकूप से सप्लाई दी जाती है। इस नलकूप का जल स्तर गिर गया है। अब धीरे-धीरे बड़ रहा है। जल्द ही समस्या से निजात मिल जाएगी।

स्वात्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक सुशील दुबे द्वारा विंध्य-शक्ति (दैनिक) कमरा नं. 1, 1st फ्लोर किशोर सागर कॉम्पलेक्स, जवाहर मार्ग, छतरपुर -471001 म.प्र. से प्रकाशित तथा मुद्रक सुशील दुबे द्वारा समता ऑफसेट प्रिंटर्स, सीताराम कॉलोनी छतरपुर म.प्र.से मुद्रित
फोन नं. - 240231, फैक्स नं.- 240232, मोबाइल नं.- 9425363684 R.N.I.No.-M.P. HIN/2002/6362 ■ सभी कानूनी विवादों का न्याय क्षेत्र छतरपुर म.प्र. होगा। ■ समाचारों के चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। सम्पादक- सुशील दुबे

## जीवन परिचय


### समर्थ गुरू महात्मा रामचन्द्र जी महाराज



महात्मा रामचन्द्र जी महाराज का जन्म 02 फरवरी 1873 को फतेहगढ़ में हुआ था। रामचन्द्र जी महाराज एक आध्यात्मिक मार्गदर्शक थे। वह अपने अनुयायियों के बीच लालाजी के नाम से लोकप्रिय थे। लगभग 19 वर्ष की आयु में लालाजी की उनके सद्गुरू से भेंट हुई और कुछ ही वर्षों में उन्होंने लालाजी को आध्यात्म विद्या में पूर्ण कर दिया। आपका कहना था कि ईश्वर का दया पात्र बनने के लिए बाहरी और आंतरिक दोनों शुद्धि की जरूरत है। आप कहते थे बेगरज होकर सबकी खिद्मत (सेवा) करो और खिद्मत लेने से बचते रहो। डॉ. चतुर्भुज सहाय जी आपके प्रिय शिष्य थे। 14 अगस्त 1931 को आप नश्वर शरीर त्याग निज धाम चले गए। सूक्ष्म रूप से आपकी शक्ति प्रेमीजनों को आज भी सहायता पहुंचाती रहती है।

### परम पूज्या गुरूमाता जिया मां





परम भागवत पंडित जी महाराज



नवनीत हृदय संत डॉ. ब्रजेंद्र कुमार जी



युगपुरूष परम पूज्य हेमेंद्र कुमार जी



प्रेममूर्ति परमसंत डॉ. नरेंद्र कुमार जी

साधन पत्रिका मथुरा से साधन प्रेस से प्रकाशित होती है और इसके लिए संपर्क इस पते पर कर सकते हैं-
साधन प्रेस
813 डेम्पियर नगर, मथुरा (उ.प्र.)-281001
ई-मेल-sadhanhindimonthly@gmail.com
अधिक जानकारी हेतु- www.rsmsadhan.in
www.sadhan.in

### परमार्थ पथ के दस आलोक

1.ईश्वर तो एक शक्ति (पावर) है, न उसका कोई नाम है न रूप। जिसने जो नाम रख लिया वही ठीक है ।

2.उसको प्राप्त करने के लिये गृहस्थी त्याग कर जंगल में भटकने की आवश्यकता नहीं, वह घर में रहने पर भी प्राप्त हो सकता है।

3.अभी तुमने ईश्वर देखा नहीं है, इसलिये उसे प्राप्त करने के लिए पहले उससे मिलो जिसने ईश्वर देखा है। वहीं तुम्हें ईश्वर का दर्शन करा सकता है।

4.अपने जीवन में आन्तरिक प्रसन्नता लाओ। यह बहुत बड़ा ईश्वरीय गुण है।

5. ज्ञान में शान्ति है, वह तुम्हें बाहर से नहीं मिलेगी। ज्ञान अन्तर में है। उसके लिए आन्तरिक साधन करने होंगे ।

6. अधिक समय तुम संसार के कामों में लगाओ, थोड़ा समय इधर दो। लेकिन इतने समय के लिये तुम संसार को भूल जाओ ।

7.दो काम साधक के लिये बहुत ही आवश्यक हैं- एक तो परिश्रम से भोजन कमाना और दूसरा अपने मन को हर समय काम में लगाये रखना ।

8. ज्ञान अनन्त है। यदि एक गुरु उसे पूरा न कर सके तो दूसरे गुरु से प्राप्त करना चाहिए। परन्तु पूर्ण आत्म-ज्ञानी गुरु मिल जाने पर दूसरा गुरु नहीं करना चाहिए।

9. दुनिया के सारे काम करो लेकिन सेवक बन कर, मालिक बन कर नहीं ।

1 0. संसार में मेहमान बन कर रहो। यहाँ की हर वस्तु किसी और की समझो। मैं और मेरा छोड़ कर तू और तेरा का पाठ सीखो।



# रामाश्रम सत्संग, मथुरा

रामाश्रम सत्संग मथुरा एक आध्यात्मिक मिशन है। इसमें हर व्यक्ति के हृदय की निर्मलता पर उसकी वर्तमान आंतरिक दशा से आगे बढ़ाने पर जोर दिया जाता है। दिखावे व आडंबर से दूर गुरू शक्ति के सहारे आत्म उत्थान किया जाता है। रामाश्रम सत्संग की स्थापना वर्ष 1930 में ब्रह्मलीन परम संत डॉ. चतुर्भुज सहाय जी ने अपने परम पूज्य समर्थ गुरू महाराज महात्मा रामचंद्र जी के नाम पर एटा में की और एटा में प्रथम भण्डारा हुआ जिसमें स्वयं महात्मा जी महाराज जिन्हें लालाजी महाराज भी कहा जाता है पधारे और उन्होंने सत्संग के संबंध में दिशानिर्देश दिए थे। बाद में समर्थ गुरू डॉ. चतुर्भुज सहाय जी एटा से मथुरा आ गए और इस प्रकार रामाश्रम सत्संग मथुरा इस मिशन का प्रमुख केन्द्र है। यह केन्द्र डैम्पियर नगर मथुरा में स्थित है। वर्तमान में गुरू महाराज के पौत्र परम पूज्य आलोक कुमार जी इसका संचालन कर रहे हैं।

मिशन के संस्थापक समर्थ गुरू डॉ. चतुर्भुज सहाय जी से लेकर वर्तमान समय तक इसके संचालकों ने मिशन का कार्य गुरू महाराज की प्रेरणा से किया और कभी भी अपने को कर्ता नहीं माना। समर्थ गुरू डॉ. चतुर्भुज सहाय जी कहा करते थे जब हर व्यक्ति का अंतःकरण शुद्ध होगा तो एक सुंदर समाज, राष्ट्र का निर्माण होगा।

रामाश्रम सत्संग में निष्काम सेवा, समर्पण, त्याग, अनुशासन और निःस्वार्थ प्रेम का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। समर्थ गुरू महाराज ने गुरू शिष्य की परंपरा से आगे बढ़कर एक नई चीज दी आप गुरू महाराज से पिता, भाई, मित्र ईश्वर कैसा भी संबंध जोड़ लें। यह आसान भी है क्योंकि शिष्य बनना आसान नहीं होता।

मिशन में बाह्य कर्मकांड की जगह आतंरिक साधना पर जोर दिया गया है। गुरू महाराज ने प्रेमी सत्संगीजनों से संसार के किसी काम को करने से मना नहीं किया। बल्कि कहा कि आप 24 घंटे में से 23 घंटे संसार के सारे काम करें लेकिन सुबह-शाम आधा-आधा घंटा ईश्वर भजन के लिए दें। लेकिन इस एक घंटे में संसार को भूल जाएं। सुबह-शाम के परमात्मा के ध्यान से कुछ ही दिनों में आपके अंदर परिवर्तन आना शुरू हो जाएगा। ऐसे में दृष्टा भाव रखते हुए गुरू महाराज द्वारा बताई गई साधना को नियमति रूप से करते रहने से साधक ऐसी स्थिति में पहुंचते देखे गए हैं जो अवस्था अच्छे-अच्छे योगियों व सन्यासियों को हासिल नहीं हो सकी। गुरू महाराज कोई कठिन साधन या मंत्र अपने साधकों को नहीं बताते थे बस यही कहते थे बताई गई साधना को नियमित रूप से करें व हमसे मिलते-जुलते रहा करो, चिट्ठी, पत्री लिख लिया करो। सुबह-शाम की नियमित साधना के अलावा सप्ताह में एक दिन स्थानीय साधकों के साथ साप्ताहिक सत्संग में बैठने को तथा तीन माह में एक भण्डारा में शामिल होने को कहते थे। अगर तीन माह में भी न जा पाएं तो 6 माह में और 6 माह में भी न जा पाएं तो वर्ष में एक बार अवश्य गुरू महाराज के समक्ष जाने की आज्ञा दिए थे। गुरू महाराज ने साधकों से कहा था कि जहां भी पांच भाई बैठकर मेरी याद करेंगे वहां उनकी उपस्थिति रहेगी।

रामाश्रम सत्संग के भण्डारे महज प्रवचन, भोजन व भक्तजनों की भीड़ नहीं होते बल्कि ये आध्यात्मिक आयोजन होते हैं। गुरू शक्ति के प्रभाव से यहां का वातावरण गुरू प्रेम, अनुशासन, निःस्वार्थ सेवा से सराबोर होता है। हर सत्संगी भाई-बहिन के मन में यह भावना होती है कि मेरे किसी कार्य से गुरू महाराज अप्रसन्न न हों व किसी सत्संगी भाई-बहिन को कोई तकलीफ न हो। किसी को ऐसा करने के लिए कहा नहीं जाता बल्कि स्वयं ही ऐसे भाव देखे जाते हैं। मथुरा, टूण्डला, जयपुर, पटना, सागर, जबलपुर, अहमदाबाद, बैंगलुरू, हैदराबाद, मुंबई, कोलकाता सहित देश के छोटे-बड़े शहरों व विदेशों में भी भण्डारों का आयोजन किया जाता है। भण्डारों का खर्च सत्संगी भाई आपसी सहयोग से उठाते हैं जिसे पूरी पारदर्शिता के साथ प्राप्त व व्यय किया जाता है।

## साहित्य

रामाश्रम सत्संग का साहित्य गुरूजनों व अनुभवी आचार्यों द्वारा लिखा गया है। साहित्य में शास्त्रों में लिखी-लिखाई बातें ही नहीं है बल्कि उन महापुरूषों ने जो देखा, अनुभव किया उसी को सरल भाषा में लिखा गया है। साहित्य आय प्राप्ति के लिए प्रकाशित नहीं किया गया है बल्कि साधना काल में आने वाले उतार-चढ़ावों, अनुभवों, आध्यात्मिक यात्रा के दृश्यों के बारे में साधकों को बताने के उद्देश्य से लिखा गया है जिससे इस मार्ग में आने वाली रूकावटों, प्रलोभनों, आदि की जानकारी साधकों को हो सके। साधना के अनुभव (सात खण्ड) समर्थ गुरू डॉ. चतुर्भुज सहाय जी द्वारा लिखा गया प्रमुख ग्रंथ है। इसके अलावा परम भागवत पंडित मिहीलाल जी शर्मा द्वारा लिखित ग्रंथ अध्यात्म रहस्य, साधना तत्व आदि, परम पूज्य डॉ. ब्रजेन्द्र कुमार जी द्वारा लिखित कल्याण मार्ग, परम पूज्य हेमेन्द्र कुमार जी द्वारा लिखित अतीव,आगत और अनंत तथा परम पूज्य डॉ. नरेन्द्र कुमार जी द्वारा लिखित व्यवहार और परमार्थ आदि बहुमूल्य ग्रंथ हैं।

रामाश्रम सत्संग मथुरा के द्वारा एक मासिक पत्रिका साधन का भी प्रकाशन किया जाता है। साधन में गुरूजनों व अनुभवी आचार्यों द्वारा लिखे लेख प्रकाशित होते हैं। विज्ञापन प्रकाशित नहीं किए जाते। यह पत्रिका सत्संगियों का मासिक पत्र है।

## सेवा

रामाश्रम सत्संग में सेवा, वह भी निष्काम सेवा पर बहुत जोर दिया जाता है। गुरू महाराज अपनी सेवा से उतना प्रसन्न नहीं होते जितनी गुरू भाईयों की सेवा से प्रसन्न होते हैं। सेवा का आदर्श गुरूजनों द्वारा स्वयं रखा गया। बताते हैं समर्थगुरू महात्मा रामचंद्र जी महाराज स्वयं सत्संगी भाईयों के लिए कुएं से पानी भरकर रख दिया करते थे फिर उनसे कहते थे स्नान कर आएं। सेवा करें, सेवा लेने से बचें का आदर्श देखने को मिलता है। एक-दूसरे से परिचित न होने, रक्त संबंध न होने के बाद भी सत्संगी भाई दूसरे सत्संगी भाईयों की सुख-सुविधा का ख्याल रखते हैं। किसी को कहा नहीं जाता बल्कि गुरू शक्ति के प्रभाव से साधक सेवा कार्य में लग जाते हैं। जात-पात, ऊंच-नीच, अमीर-गरीब के भेद के बिना सतगुणी माहौल दिखाई देता है। शीर्ष अधिकारी बड़े धनाड्य लोग भी छोटी-छोटी सेवा में निःस्वार्थ भाव से लगे देखे जाते हैं। सबका उद्देश्य गुरू सेवा ही होता है। परम भागवत पं. मिहीलाल शर्मा जी कहते थे दो काम तो हर मनुष्य कर सकता है- एक वाणी से मीठा बोलना, दूसरा हृदय से सबका भला चाहना। यह भी बहुत बड़ी सेवा है।

रामाश्रम सत्संग के द्वारा जिया मां मेमोरियल ट्रस्ट के माध्यम से मेधावी गरीब विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए स्कॉलरशिप तथा 60 वर्ष से अधिक निराश्रित गरीब विधवाओं के लिए पेंशन और गंभीर बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों को सहायता भी उपलब्ध कराई जाती है।

## रामाश्रम सत्संग का - साधन

रामाश्रम सत्संग की साधना साधक को उसके परम लक्ष्य ईश्वर के साथ एकता या ईश्वर स्वरूपता की प्राप्ति तक पहुंाती है। यहाँ का साधन भी शक्ति उपासना का ही साधन है। साधक को अलग से कोई और शक्ति पूजा करने की जरूरत नहीं होती। गुरुमहाराज ने शक्ति के दो भेद बतलाये हैं-

1.अपरा शक्ति - इस शक्ति की व्याख्या तान्त्रिक ग्रन्थों में मिलती है। 2. परा शक्ति - अपरा से ऊपर पराशक्ति है। इस की उपासना को दिव्याचार उपासना कहते हैं, यह सब से ऊँची और शीघ्र फल दायनी पूजा है। यह साधना इसी दिव्याचार के अन्तर्गत आती है। यहाँ शक्ति उपासना को नया रूप दिया गया है। इस नवीन साधना से जितना लाभ दस महीने में मिलता है, उतना अन्य क्रियाओं से दस साल में भी नहीं प्राप्त होता है। साधना की क्रिया भी सरल है - आदि गुरु भण्डार से शक्ति खींचकर अपने में भरते हैं और फिर दूसरों को देते हैं। शिष्य का काम है कि गुरु से सम्बन्ध जोड़कर अपनी सुरति की धार मिला के उस शक्ति को खींचे और अपने अन्दर भरें। इससे मन व आत्मा स्वच्छ और निर्मल बनते हैं। आत्मा में बल आता है- यही शक्ति उपासना है। यही इस सत्संग की साधना है। यदि हम गुरुमहाराज द्वारा प्रतिपादित इस साधना की क्रिया को नित्य उनके बताये हुए आदेशों अनुसार करते रहें तो आनन्द धाम में सुख और शान्ति का जीवन व्यतीत करते रहेंगे। इस सत्संग में महापुरुषों ने गुरु-शिष्य की पुरातन परम्परा न रख इसे एक परिवार का स्वरूप प्रदान किया। इससे आपस में पारिवारिक प्रेम पनपता है। प्रथम गुरु से प्रेम, फिर वही बढ़कर गुरु परिवार से प्रेम, आगे सभी सत्संगी भाइयों से और अंततः विश्व प्रेम । एक लाभ यह होता है कि गुरु शिष्य की परम्परा के अनुशासन व द्वैत भाव से भी साधक बच जाता है और छोटी-छोटी भूलों के दंड से भी। यह साधना प्रेम साधना है जो हमें विश्वात्मा से व चराचर से प्रेम करना इसी जीवन में सिखाती है। अपनी मनमानी न करके रामाश्रम सत्संग की इस साधना को प्रतिदिन समय से नियमपूर्वक करते रहें साथ ही गंरू चिंतन भी करते रहें तो गंरूकृपा से पूर्णता को प्राप्त कर सकते हैं। इससे अनेक साधकों ने पूर्णता को पाया है तथा आज भी सैकड़ों नर-नारी शान्ति लाभ कर रहे हैं। समर्थ गुरुदेव की शक्ति को साथ लेकर यह प्रयास जारी रखने से जीवन का परमलक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

गुरु महाराज ने एक सरल उपासना की विधि बताई जिसमें चेतन इष्ट या गुरु का ध्यान व चिन्तन मुख्य है। क्योंकि जिसका ध्यान व चिन्तन किया जाता है धीरे-धीरे आप उसी का रूप धारण करते जायेंगे और अंत में उसी जैसे हो जावेंगे।

## परिचय



परमपूज्य आलोक कुमार जी
संचालक रामाश्रम सत्संग मथुरा



पूज्य सुनील कुमार जी



श्रीयुत प्रभुदयाल जी शर्मा



श्रीयुत कृष्णकांत जी शर्मा



श्री संजीव कुमार जी



श्री अमित कुमार जी




डॉ. मोहित कुमार जी

# रामाश्रम सत्संग के संस्थापक समर्थ गुरू परमसंत डॉ. चतुर्भुज सहाय जी

परम संत डॉ. चतुर्भुज सहाय जी का जन्म 3 नवंबर 1883 को एटा उत्तरप्रदेश में हुआ था। बचपन से ही आपको कथा व धार्मिक कहानी सुनने का शौक था। स्वभाव शांत व एकांतप्रिय था व एक ही बात पर बहुत देर तक विचार करते रहते थे। आपको हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, उर्दू व फारसी भाषाओं का अच्छा ज्ञान था। आपको होम्योपैथी व आयुर्वेदिक चिकित्सा का अच्छा ज्ञान था इसलिए आपने देश सेवा के विचार से डॉक्टरी का कार्य आरंभ किया। सबको औषधी देते उनकी सेवा करते, किसी ने जो दे दिया वही ठीक था। गरीबों और मोहताजों को दवा बिना मूल्य दे दिया करते थे।

सन् 1910-11 में आपकी गुरू माताजी के इलाज के संबंध में प्रथम मुलाकात आपके गुरूदेव महात्मा रामचन्द्र जी महाराज से हुई। परंतु वे बहुत गुप्त रहते थे। बाद में एक दिन बातों-बातों में स्वयं को प्रकट कर दिया और बोले **एक महान संत की कृपा से आध्यात्म विद्या मुझे मिली है और मैं उसे जानता हूं।** उसी क्रम में एक दिन मौज में आकर उन्होंने ब्रह्म विद्या के सारे रहस्य आपके समक्ष खोल दिए। आपके गुरूदेव महात्मा रामचन्द्र जी महाराज ने सन् 1919 में लिखित रूप से एक आज्ञा पत्र आपको प्रदान किया जिसमें आत्म विद्या के प्रसार व प्रचार करने का आदेश था। उन्होंने आदेश दिया कि हमारा मिशन फैलाओ और हमारी बात को जन साधारण तक पहुंचाओ। आपने अपने गुरू के नाम पर वर्ष 1930 में रामाश्रम सत्संग की स्थापना की व इस विद्या के प्रचार-प्रसार के लिए अगस्त 1933 से **साधन** नाम की एक मासिक आध्यात्मिक पत्रिका का प्रकाशन प्रारंभ किया। आपने लगभग 200 पुस्तकें लिखीं जिनमें **साधना के अनुभव** ग्रंथ इस विद्या का वेद ही बन गया। आपने जीवन में अनेक यात्राएं कीं व विभिन्न क्षेत्रों में इस विद्या का प्रचार-प्रसार किया। इस विद्या को निष्काम भाव से



गुरू आज्ञा समझ आप बांटते रहे। आपका कहना था **गृहस्थी में रहो, गृहस्थों का सा व्यवहार करो, ईमानदारी और परिश्रम से धन उपार्जन करो** और उससे अपना और अपने परिवार का पालन-पोषण करो। साथ ही साथ हमारी बताई हुई साधना का अभ्यास भी नियमित रूप से करते चलो, इससे तुम्हें एक अद्भुत ज्ञान, शांति व आनंद का अनुभव इसी घर-गृहस्थी की खट-पट में ही हो जाएगा। आप कहते थे कि सब मनुष्य एक हैं और एक ही प्रभु के पुत्र हैं। इसलिए जाति-पाति का भेद ठीक नहीं। आपने यह भी बतलाया कि हमारे घरों की माताएं भी यहां की सरल साधना को करें। आधुनिक युग की कठिनाईयों को ध्यान में रखते हुए आपने एक सरल व शीघ्र फलदायनी नवीन साधना प्रतिपादित की। जो विशेषकर गृहस्थों के लिए अत्यंत उपयोगी है। इस क्रिया के केवल 20-25 मिनिट सुबह-शाम के अभ्यास से ही पूर्ण लाभ मिल जाता है। आपका कहना था भाईयों तुम्हारा शरीर केवल धन कमाने और पेट भरने के लिए ही नहीं बनाया गया है। सारा समय इसमें ही नष्ट मत करो, आत्मिक उन्नति भी करो। आपका विचार था कि सब मनुष्य धार्मिक बनें और अपने-अपने धर्म को पहचानें। सम्प्रदाय भले ही अनेक हों, धर्म एक ही होता है, और धर्मवान मनुष्य ही सदाचारी व शीलवान बन सकता है। सबसे ऊंची अवस्था यह है कि मनुष्य सुख-दुख, हर्ष-शोक, जय-पराजय, हानि-लाभ में एक जैसा ही रहे। न खुशी के समय फूले न रंज के समय उदासी लाए। यही द्वन्द्वातीत अवस्था है, यही मोक्ष है। ईश्वर प्रेम है उसी ने सबको उत्पन्न किया है वह सब पर पुत्रवत् स्नेह रखता है, वह सबको अपना समझता है, सबका पालन-पोषण करता है परंतु सबसे अलग रहता है। तुम यदि उस मालिक के दरबार में जाना चाहते हो तो ईश्वरीय गुण धारण करो। बिना उसका स्वभाव बनाए हम उसके प्यारे नहीं बन सकते। प्रेम की अवस्था यदि आज आ जाए तो आज ही उनका दर्शन हो सकता है। सभी महापुरूषों का ऐसा ही मत है और हमारा भी यही अनुभव है।

संसार के भूले भटके जीवों को चेताते हुए यह परम ज्योति 24 सितम्बर 1957 को अपने निज धाम वापस लौट गयी। आज आपकी शक्ति और भी व्यापक होकर इस सत्संग का संचालन कर रही है। प्रेमी भक्तों को आज भी आपके दर्शन होते हैं। आध्यात्म में, व्यवहार में, संसार में आपकी सूक्ष्म शक्ति मदद् करती हुई हर साधक को अनुभव होती है।

**साभार- रामाश्रम सत्संग**